## न्यूज ब्रीफ

### एमएलसी ने सदन में की अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की मांग

**कानपुर देहात :** एमएलसी अविनाश सिंह चौहान से कानपुर देहात जिले में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के निर्माण की मांग की है। इसका पत्र उन्होंने विधान परिषद के प्रमुख सचिव को सौंपा है। सदन में श्री चौहान ने कहा कि कानपुर देहात में इंटर नेशनल स्टेडियम की स्थापना बहुत जरूरी है। पत्र में उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र की सरकारें युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। कानपुर देहात ज़िले की बात करें तो यहां की मिट्टी ने देश को राष्ट्रपति देने का काम किया है। बावजूद इसके जिले के युवाओं को संसाधनों और इंतजामों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

### बेकाबू कंटेनर हाईवे पर पलटा

**कानपुर देहात :** डेरापुर थाना क्षेत्र के बलहरामऊ गांव के पास औरैया कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक कंटेनर के अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे उसका चालक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताते हैं कि कंटेनर औरैया की तरफ जा रहा था। बलहरामऊ के पास अचानक सामने एक जानवर आ जाने से चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया। इसी दौरान कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कंटेनर चालक राजस्थान जोधपुर के कपड़ा थाना क्षेत्र के रामरावास कल्ला निवासी रामनिवास को चोटें आई। घटना की सूचना मिलते ही डेरापुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। इसके बाद घायल चालक को प्राथमिक उपचार दिलवाया। पुलिस ने यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाया।

### ई-रिक्शा पलटने से तीन लोग घायल

**रसूलाबाद।** शनिवार को रसूलाबाद कानपुर रोड पर पहाड़ीपुर के निकट पुल के समीप एक ई-रिक्शा पलटने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी रसूलाबाद उपचार के लिए ले जाया गया है। ई रिक्शा चालक ने बताया कि रिक्शा पुल के नीचे उतरते ही अचानक पलट गया और उसे समझ में ही नहीं आया कि यह कैसे हुआ। रिक्शा पलटने से अटियापुर निवासी विश्वनाथ सिंह 50वर्ष, आरती देवी नरेंद्र सिंह व राधा देवी पत्नी गुलाब सिंह घायल हो गए। घायलों को तत्काल सीएचसी रसूलाबाद लाया गया। डॉक्टर दिलदार हाशमी ने उनका उपचार किया।

### वृद्धजन आश्रय को भेंट किया गया वाटर प्यूरीफायर

**रनियां।** शनिवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार मिश्रा एवं शिक्षकों आनंद तिवारी एवं बृजभूषण पाठक ने वृद्ध जन आश्रय रनियां में पीएम श्री गतिविधि के अंतर्गत वृद्ध जनों के हितार्थ दो वॉटर प्यूरीफायर-आरओ सिस्टम भेंट किए। प्राचार्य ने कहा कि आगे भी वह वृद्धाश्रम से जुड़े रहेंगे और जो उनके लायक सहयोग होगा वो अवश्य करेंगे। कार्यक्रम में समाज सेविका कंचन मिश्रा ने सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने अपने फर्ज निभाने चाहिए जो जिस काबिल हो। इस वक्त वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेहत के लिए आर ओ लगना आवश्यक भी था क्यों कि रनियां में क्रोमियम युक्त जल से बीमारी होने की संभावना है। वृद्ध आश्रम संचालक राजेंद्र सिंह व प्रबंधकएसडी काला ने इस नेक कार्य के लिए सबको धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीराम, ऋषभ तिवारी, मयंक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### एसडीएम और सीओ ने की शराब की दुकानों की जांच

**कानपुर देहात :** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और आबकारी निरीक्षक ने शनिवार को संयुक्त रूप से शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। अभिलेख और स्टोर का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाना और लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित कराना था। इसके साथ नाबालिगों को शराब की बिक्री रोकना, निर्धारित समय से अधिक बिक्री या खुली बिक्री की जांच भी की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, बिलिंग व्यवस्था, मूल्य सूची प्रदर्शन आदि दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शराब की अवैध बिक्री, नकली या मिलावटी शराब, लाइसेंस उल्लंघन या नाबालिगों को बिक्री करने वाले व्यक्तियों और दुकानों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# खोवा भट्टियों पर खाद्य टीम का छापा, नष्ट कराई सामग्री

संवाददाता अमृत विचार

शनिवार को खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा मिलावटी खोवा एवं दूध के नमूने लेकर हजारों रुपये का खोवा व दूध नष्ट करवाया। विभागीय कार्रवाई को लेकर भट्टी संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही।

होली पर्व से पहले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम ने मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान चलाकर खोया, रिफाइंड तेल, स्किम्ड मिल्क पाउडर और मिश्रित दूध के नमूने लिए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। साथ ही, भारी मात्रा में संदिग्ध खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेंद्र नाथ सिंह यादव और राम बिहारी की टीम ने पुलिस बल के साथ रसूलाबाद क्षेत्र के खोया कारोबारी तिलक सिंह की खोया भट्ठी पर छापा मारकर रिफाइंड तेल, खोया, स्किम्ड मिल्क पाउडर और मिश्रित दूध के चार नमूने लिए।


खोवा भट्ठी पर जांच करने पहुंची टीम। अमृत विचार

इसके साथ ही लगभग 50 हजार रुपये का 2 कुंतल खोवा और 2500 रुपये का 50 लीटर मिश्रित दूध नष्ट करवाया। सहायक आयुक्त (खाद्य) राम अवतार सिंह ने बताया कि जनपद में कुल सात नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित कारोबारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि होली पर अत्यधिक रंगीन कचरी, पापड़ और मिठाइयों के सेवन से बचें। साथ ही, किसी भी प्रकार की मिलावट की सूचना तत्काल विभाग को दें।

# समस्याओं को लेकर वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार:** लॉयर्स एसोसिएशन तहसील मैथा अध्यक्ष कुलदीप तिवारी की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने शनिवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। हुए बताया कि अधिवक्ताओं के बैठने, विधिक अध्ययन हेतु अधिवक्ता भवन व पुस्तकालय की जगह का चिन्हांकन पर्याप्त जगह होने के बाद भी अभी तक नहीं हुआ है। तहसील परिसर में बाइक चोरी की आधा दर्जन से अधिक घटनाएं होने के बावजूद अभी तक सीसीटीवी कैमरे व वाहन स्टैंड की व्यवस्था नहीं की गई है। जब कि सक्षम अधिकारियों द्वारा लगातार आश्वासन दिया जाता रहा है। धारा 24 की पत्रावलियां प्रस्तुत करने के बाद वर्षों बीत जाने के उपरांत भी प्राथमिक सीमांकन आख्या न्यायालय में नहीं आ पाती है। उपजिलाधिकारी न्यायिक दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त हो चुके है। 3 माह से एसआईआर का काम चल रहा है बड़े पैमाने पर उनके न्यायालय की पत्रावलियां अदम पैरवी एवं साक्ष्य के अभाव में खारिज की गई थी। तहसीलदार न्यायालय में पेशकार की नियुक्ति नहीं है। इसके कारण उपनिबंधक कार्यालय द्वारा पंजीकृत दस्तावेजों का नामांतरण समय पर नहीं हो पा रहा है।

# 75 शिकायतों में से दो का मौके पर हुआ निस्तारण

## शिकायत पर जिलाधिकारी ने दुरुस्त कराई किसान की खतौनी


शिकायतकर्ता को सही खतौनी प्रदान करते डीएम कपिल सिंह। अमृत विचार

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार:** जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मैथा में शनिवार जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ओमप्रकाश व सुरेंद्र की खतौनी में गलत नाम को सही कर तत्काल खतौनी उपलब्ध कराई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

- मैथा तहसील में जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस

जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायतें दर्ज की गई। दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व एवं भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम को तत्काल मौके पर भेजकर प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।साथ ही प्रत्येक प्रकरण में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य दिवस प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से जनसुनवाई करें। साथ ही शिकायतकर्ताओं से मधुर व्यवहार रखें तथा उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित करें। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह, उपजिलाधिकारी मैथा राजकुमार पाण्डेय, तहसीलदार सुनील कुमार मौजूद रहे।

## रसूलाबाद में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार:** शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें कुल 59 फरियादी आए। इनमें तीन की शिकायतों का मौके पर निर्धारण किया गया उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों में बंशी निवादा की रानी देवी ने शिकायत कि जिस भूमि पर वह वर्षों से रह रही थी उस पर राजस्वकर्मियों व पुलिस विभाग ने जबरन जेसीबी चलवा कर उसे खुदवा दिया। उन्होंने बताया कि यह भूमि खाता संख्या 1327 , गाटा संख्या 2005 राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। उन्होंने बताया कि तालाब के बगल से एक मार्ग डामरीकृत सड़क से मिलता है जिस पर अवधेश, रामकुमार और राम शंकर ने तालाब और सड़क की भूमि होने के बावजूद कब्जा कर लिया है


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एसडीम सर्वेश कुमार सिंह। अमृत विचार

**59** फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे

उन्होंने पूरे मामले की जांच की मांग की। गांव लुधौरा निवासी सियाराम पुत्र कन्हैया ने पैतृक भूमि गाटा संख्या 3251 (रकबा 0.1020 हेक्टेयर) पर अवैध कब्जे की शिकायत कर उसे खाली करने की मांग की। आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने जबरन उनकी भूमि पर कब्जा कर लिया है और इसे खाली कराने की मांग की। वहीं खेड़ा कुर्सी निवासी विनीत लाल ने उनकी भूमि पर लेखपाल द्वारा कब्जा दिलाए जाने के बावजूद गांव के कुछ लोगों द्वारा उस भूमि की मेड़ तोड़कर अपने खेत में मिला लेने की शिकायत की। इस मौके पर राजस्व विभाग की 28, विकास की 6, पुलिस की 8, आपूर्ति की 6 शिकायतें आई। इस अवसर पर तहसीलदार संतोष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शिव दर्शन व हरिशंकर वर्मा, डॉ सौरभ शाक्य,विद्युत एसडीओ सहादत सलीम, बीईओ अजब सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हादसे के बाद जागा पीडब्ल्यूडी, फुटपाथ पर डलवाई मिट्टी

**शिवली:** तालाब में ईको कार के गिरने के बाद लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी शनिवार को चेते और फुटपाथ पर ट्रैक्टर से मिट्टी डाली। हादसे के दूसरे दिन तालाब के पास खड़ी ईको कार को देखने के लिए राहगीर व ग्रामीण जुटते रहे और हादसे पर दुख जताते रहे।

ग्रामीण कल्लू तिवारी,हरेंद्र सिंह,आशुतोष त्रिवेदी ने बताया कि जहां पर हादसा हुआ वहां पर फुटपाथ व सड़क का किनारे खराब है। ग्रामीण रवि दुबे ने तालाब के किनारे लोहे की बाइंडिंग किए जाने की मांग की। एई आरके राय ने बताया कि मिट्टी डाली गई है। हादसे पर सीएम योगी ने भी हादसे पर शोक जताया था।

रात में घटनास्थल पर एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय व एएसपी राजेश पांडेय भी मौके पर पहुंचे थे। मालूम हो कि शुक्रवार की रात ईको कार के बैरी सवाई के शिवली कल्यानपुर रोड किनारे के तालाब में जा गिरी थी। और हादसे में आवास विकास कल्यानपुर के रहने वाले दंपत्ति राजकिशोर अग्निहोत्री,स्नेहलता अग्निहोत्री, हिमांशी व मासूम शिव की मौत हो गई थी।

## जिलाधिकारी ने मैथा तहसील का किया निरीक्षण

**शिवली:** जिलाधिकारी कपिल सिंह ने शनिवार को तहसील दिवस के बाद तहसील मैथा का निरीक्षण कर तहसील परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, राजस्व एवं जनसेवा संबंधी कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं एवं न्यायालयों का भ्रमण कर पत्रावलियों की स्थिति, लंबित प्रकरणों एवं कार्यालय की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया। इसके बाद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संधारण पर विशेष बल देते हुए निर्देशित किया कि सभी पत्रावलियां श्रेणीबद्ध ढंग से संरक्षित की जाएं।

# कुछ लोग चलते पद चिह्नों पर कुछ स्वयं बनाते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- समाज सेविका गायत्री देवी की 21वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**अमृत विचार:** भारत देशम पार्टी से सांसद प्रत्याशी रहीं गायत्री देवी की 21वीं पुण्यतिथि सादगी के साथ मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने स्व गायत्री देवी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। विद्वानों ने आगंतुकों और परिजनों को महामानव गौतम बुद्ध के पंचशील सिद्धांत का स्मरण कराया। कहा कि शिक्षा व अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता लाना ही स्व गायत्री देवी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

स्व. गायत्री देवी के पति पूर्व लेखाधिकारी व समाज सेवी प्रागदत्त ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि गायत्री देवी ने समाज में जागरूकता की शुरूआत


स्व. गायत्री देवी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते लोग। अमृत विचार

अपने घर-परिवार और शुभ चिंतकों से की थी। तंग गलियों और बस्तियों में जाकर उन्होंने शिक्षा की अलख जगाई। पढ़े लिखे नौजवानों को कंप्टीशन में बैठने की प्रेरणा दी। साथ ही उनका मार्ग दर्शन भी किया। समाज के प्रति उनका योगदान कभी भुलाया नहीं सकेगा। पूर्व उप निदेशक, सूचना प्रमोद कुमार, अधिशासी अभियंता इंजीनियर सुनील दत्त, इंजीनियर रवि दत्त, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. इंद्रा, राजेश आदि ने अपनी माता गायत्री देवी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

उन्होंने कि बताया कि उनके पद चिन्हों पर चलकर उनके परिवार में 12 राजपत्रित अधिकारी व द्वितीय पीढ़ी में चार अधिकारी सहित अनेक युवा मेडिकल क्षेत्र में शिक्षारत हैं। एलआईसी अधिकारी राम अचल, डा० भानू प्रताप पेले, आयुष, सत्य प्रकाश, शिवम आदि ने भी गायत्री देवी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर गायत्री देवी के जीवन पाठ पर प्रकाशित पुस्तक दूर पथ का राही पुस्तक के कुछ अंश पढ़कर सुनाए गए। कहा गया कि माता-पिता, बुजुर्गों के प्रति सेवा, आदर व सम्मान प्रकट करने से आत्म विश्वास, सकारात्मक सोच, भाईचारा, मजबूती के साथ ही राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का विकास करने को बलवती करने का बल मिलता है।

## आपस में टकराई बाइकें, दो घायल

**शिवली।** कोतवाली क्षेत्र मैथा गांव के पास दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। अरौल थाना क्षेत्र के हसौली काज़ीगंज निवासी विमल कुमार (32) रनियां की एक फैक्ट्री में नौकरी करते है। शनिवार की शाम को बाइक से रनियां नौकरी करने जा रहे थे। अभी वह शिवली कोतवाली क्षेत्र के मैथा गांव के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रहे सचेंडी थाना ईश्वरीगंज निवासी शिवम कुमार की बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के शिवली सीएचसी भेजा जहां मौजूद ईएमओ ने प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवार युवकों को कानपुर हैलट रेफर कर दिया।एंबुलेंस के चालक भूपेंद्र कुमार और ईएमटी दिनेश कुमार घायलों को उपचार के लिए हैलट ले गए।

कार्यक्रम | बीमित किसानों को बांटीं प्रधानमंत्री फसल और आपदा बीमा की धनराशि

# माती में दिखाया गया लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार:** शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व तथा आपदा विभाग की बीमा योजनाओं के लाभार्थी किसानों को वन क्लिक डीबीटी के माध्यम मुख्यमंत्री क्षतिपूर्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार, विकास भवन सभागार, एनआईसी सभागार एवं समस्त राजकीय कृषि बीज भंडारों पर किया गया। जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। बताया गया कि वन क्लिक डीबीटी माध्यम से 1,57,76,330 का वितरण आपदा क्षतिपूर्ति के रूप में किया गया है। उन्होंने बताया कि


विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में दी योजनाओं की जानकारी। अमृत विचार

योजना में प्राकृतिक आपदा जैसे, भूकंप, आंधी, तूफान, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, सूखा, जल भराव, बाढं, आकाशीय बिजली, रोके न जा सकने वाले कृमि प्रकोप आदि कि स्थिति में बीमित किसानों को क्षतिपूर्ति के रूप सहायता प्रदान की जाती है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रतिभागी लाभार्थियों को अवगत कराया गया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कृषक हित में अनेकों कार्यक्रम और योजनाएं संचालित की जा रही है। समस्त पात्र व जरूरतमंद लोगो तक सरकारी अनुदान व योजनाओं का लाभ की पहुंच को सुनिश्चित करनें के उद्देश्य से शासन द्वारा समस्त किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। उनके द्वारा सचेत किया गया कि भविष्य में विभागीय योजनाओं का लाभ उन्हीं किसानों को प्राप्त होगा, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री बनी होगी अतः सभी किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य बनवा लें। वर्तमान समय में जिला प्रशासन द्वारा कृषि, पंचायत, मनरेगा एवं राजस्व कार्मिकों के माध्यम से गांव-गांव जा कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु वृहद अभियान चलाया जा रहा है।

## ईको पार्क में आज लगेगा वृहद विधिक सहायता शिविर

**कानपुर देहात।** जनपद के ईको पार्क में रविवार को वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूपुर श्रीवास्तव ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजन हो रहा है। आमजन को विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविर में लगभग 25 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मै रजनी सिंह पत्नी रंजीत सिंह मकान नं0 2/172 आवास विकास कालोनी नवाबगंज बाराबंकी उ0प्र0 का एलाटमेन्ट लेटर की मूल प्रति खो गयी है।.जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा।

**सूचना**
मैं, प्रदीप कुमार पटेल पुत्र राम जीवन सिंह यह निवेदन करता हूँ कि मेरी 10वीं की मार्कशीट और प्रमाण पत्र की मूल एवं द्वितीय प्रति (वर्ष 2005, रोल नंबर 1411092, उत्तर प्रदेश बोर्ड,प्रयागराज), इंटरमीडिएट की मार्कशीट (वर्ष 2007, रोल नंबर 0829018), बी.टेक की डिग्री (वर्ष 2013, एनआईटी श्रीनगर, नामांकन संख्या 554/2009, प्रमाण पत्र संख्या 782) और बी.टेक का अनतिम प्रमाण पत्र (वर्ष 2013) वास्तव में खो गए हैं। **निवासी: सोनेपुर रोड, शत्रुघ्नपुरी, कर्वी, चित्रकूट 210205, उत्तर प्रदेश। मोबाइल नंबर:** 8287155962

**सूचना**
मै **श्रीमती मीरा गुप्ता पत्नी स्व0 महेश चंद्र गुप्ता निवासी नौनिहाल गंज बांगरमऊ उन्नाव** , मै शपथ पूर्वक श्रीमती मीरा गुप्ता पत्नी स्व0 महेश चंद्र गुप्ता अपने पुत्र अभिषेक गुप्ता पुत्र स्व0 महेश चंद्र गुप्ता का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं इसके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना–देना नहीं रहेगा।

**सूचना**
मैं **चन्द्रसेन नायक पुत्र स्व0 साहबजादा नायक निवासी– ग्राम–चवरिया खुर्द, थाना– गगहा, जिला– गोरखपुर, उ0प्र0**, मैं उत्कर्ष नायक (Utkarsh Nayak) का पिता एवं संरक्षक हूँ। मेरे पुत्र की कक्षा 10 की मार्कशीट में मेरा नाम त्रुटिवश Chandrsen Nayak अंकित हो गया है। जो कि गलत है। उपरोक्त दोनों नाम Chandrsen Nayak व Chandrasen Nayak मेरे ही हैं। जिसे भविष्य में Chandrasen Nayak के नाम से जाना जाये व माना जाये।

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHD ASLAM था अब बदलकर MOHAMMAD ASLAM रख लिया है। भविष्य मे मुझे MOHAMMAD ASLAM के नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHAMMAD ASLAM S/0-MOHAMMAD HANEEF ADD-652/405 KURSI ROAD, SABOULI, SECTOR-C DIST-LUCKNOW-226021 (U.P.)

**सूचना**
मैं **शशांक वर्मा पुत्र उमा शंकर वर्मा निवासी ग्राम खरकपुर, पोस्ट हरिपुर जलालाबाद मानपुर जिला अयोध्या** , मेरे जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 216888196 मे मेरा उपनाम सचिन कुमार वर्मा (Sachin Kumar Verma ) अंकित है। परन्तु स्कूली दस्तावेजों में शषांक वर्मा (Shashank Verma ), आधार कार्ड सं0 – 7116 तथा बैंक खाते में नाम शषांक वर्मा (Shashank Verma ) अंकित है। शषांक वर्मा व सचिन कुमारं वर्मा दोनों नाम मेरे ही है। अत: मेरी पॉलिसी संख्या – 216888196 में मेरा नाम सचिन कुमार वर्मा के स्थान पर शषांक वर्मा संसोधित कर भुगतान किया किया जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे इंडियन बैंक के दौलतपुर शाखा में बचत खाता मोहम्मद करीम पुत्र मोहम्मद कयूम अंकित है, जबकि अन्य पहचान अभिलेखों में अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल कयूम अंकित है। अतः यह स्पष्ट किया जाता है कि मोहम्मद करीम एवं अब्दुल करीम दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं तथा मुझे इन दोनों नामों से जाना और पहचाना जाता है। **अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल कयूम निवासी ग्राम– कूकनगर ग्रंट, थाना– खोंडारे, तहसील–मनकापुर जनपद – गोंडा**

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, चार लोग घायल

शिवराजपुर। क्षेत्र के बैरी गांव की रेलवे क्रॉसिंग के पास जीटी रोड पर आमने-सामने दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। शनिवार दोपहर बिल्हौर थाना क्षेत्र के डुड़वा जमौली गांव निवासी आशीष उम्र 24 वर्ष पुत्र उमेश बाइक द्वारा जा रहे थे जबकि सामने से क्षेत्र के राढ़े गांव निवासी कृष्ण कुमार पुत्र रामबाबू अपनी पत्नी आरती एवं पुत्री प्रतीक्षा साथ में गांव के ही अंशिका चार लोगों के साथ एक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। तेज रफ्तार बाइकों का संतुलन बिगड़ने के कारण आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को शिवराजपुर सीएचसी पहुंचाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद आशीष की हालत गंभीर होने पर उन्हें कानपुर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया किंतु अस्पताल पहुंचने के पहले ही आशीष ने दम तोड़ दिया जबकि घायलों का शिवराजपुर सीएचसी में इलाज चल रहा है।

### अनुराधा अवस्थी ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

बिठूर। कल्याणपुर विकासखंड क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने ग्राम पंचायत कटरी शंकरपुर सरांय के मजरा मिढ्ढन पुरवा में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के सौंदर्यीकरण और आमजन की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंटरलॉकिंग कार्य से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी और बरसात के समय कीचड़ व जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी।

### गलत उपचार से दो लोगों की गई जान

चौबेपुर। क्षेत्र में शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर गलत उपचार के चलते दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना कस्बा चौबेपुर की है। यहां के रहमत नगर मोहल्ला निवासी सत्तार (35) के पेट में दर्द के चलते दोपहर कस्बे के बंदी माता मार्ग स्थित एक झोलाछाप की क्लीनिक पर उपचार के लिए गया था। आरोप है कि क्लीनिक संचालक द्वारा इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद मरीज की हालत बिगड़ गई। परिजन जब तक उसे दूसरे अस्पताल ले जाते, युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी घटना क्षेत्र के भौसना गांव में हुई। जहां क्षेत्र के ही बोझा गांव का निवासी दिनेश गौतम (50) पुत्र कन्हई बुखार व पेट दर्द के चलते भौसाना गांव स्थित मेडिकल स्टोर पर दवा लेने के लिए गया था। बताया गया है कि मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा पहले कुछ दवाएं खाने के लिए दी गईं। लेकिन पेट दर्द में आराम न मिलने पर उसे एक इंजेक्शन लगाया गया। इंजेक्शन लगते ही मरीज की हालत बिगड़ने लगी और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मौत से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने गलत दवा देने का आरोप लगा, हंगामा काटना शुरू कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नीलगाय का शिकार करने वाला हुआ गिरफ्तार, बंदूक और बारूद बरामद

## 20 फरवरी को अलीपुर कुरुआमऊ के जंगल में एक शिकारी ने नीलगाय का शिकार किया था

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक ऐसे शिकारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जिसने जंगल में नीलगाय का शिकार किया था। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल की गई बंदूक और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है।

बीती 20 फरवरी को ग्राम अलीपुर कुरुआमऊ के जंगल में एक शिकारी ने गोली मारकर नीलगाय का शिकार किया था। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने पर शिकारी उनके साथ हाथापाई कर मौके से फरार हो गया था। इस घटना के बाद थाना बिल्हौर में वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम और बीएनएस की धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी।



बिल्हौर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। अमृत विचार

अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को सिहुरा दारा शिकोह के जंगल से घेराबंदी कर महेन्द्र (36 वर्ष), पुत्र स्व. पूरन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले का निवासी है और वर्तमान में बिल्हौर के सिहुरा गांव में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से देशी टोपीदार बंदूक, बारूद का एक कंटेनर और एक डिब्बी पोटाश

तीन गोले रांगा और 58 छर्रे, एक शस्त्र लाइसेंस बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप-निरीक्षक अजय कुमार, उप-निरीक्षक अक्षय कुमार और उप-निरीक्षक कपिल कुमार शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# किसानों की सुरक्षा और समृद्धि हमारी प्राथमिकताः राहुल बच्चा सोनकर

संवाददात बिल्हौर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'समृद्ध किसान-खुशहाल भारत' के विजन को धरातल पर उतारते हुए, आज ब्लॉक परिसर बिल्हौर के सभागार में किसान हितैषी योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हौर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक राहुल बच्चा सोनकर उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्षेत्र के 2.51 लाख किसानों को उनकी फसल क्षतिपूर्ति की राशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने ऑनलाइन माध्यम से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का उद्बोधन सुना और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।



लाभार्थियों को चेक और सहायता राशि वितरित करते विधायक राहुल बच्चा सोनकर।

लाभार्थियों को चेक और सहायता राशि वितरित करते हुए विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा हमारी सरकार किसानों के पसीने की कीमत समझती है। आपदा चाहे प्राकृतिक हो या आकस्मिक, माननीय प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रशासन हर कदम पर किसान भाइयों के साथ खड़ा है। आज वितरित की गई यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि किसानों के प्रति सरकार के अटूट विश्वास और सुरक्षा की गारंटी है। इस विशेष अवसर पर 20 मुख्य लाभार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया, जिनके साथ उनके परिवारीजन भी उपस्थित थे। सहायता पाकर किसान परिवारों के चेहरों पर संतोष और आभार का भाव स्पष्ट नजर आया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित, एसीपी मंजय सिंह बिल्हौर, आपदा मित्र, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान और लाभार्थी मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 89 में पांच शिकायतों का निस्तारण

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** शनिवार को बिल्हौर विकासखंड के सभागार में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 89 शिकायतों का पंजीकरण किया गया जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

एडीएएम न्यायिक महेश प्रसाद की अगुवाई में शिकायतों को चुना गया जिसमें मान्यवादा निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि कई दिनों से वह शौचालय के लिए परेशान है लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव की लापरवाही से आज तक उनको शौचालय नहीं मिल सका है। रवि शंकर पुत्र रामकृष्ण दादरपुर कटहा के व्यक्ति ने बताया कि लगातार कई दिनों से आवास की मांग करते हुए भी उन्हें आज तक आवास नहीं दिया जा सका है। इसी तरह से शाहपुरदुलु गांव के अंगद पुत्र ललई ने बताया कि कई दिनों पहले उन्होंने दाखिल

- बिल्हौर विकासखंड के सभागार में हुआ समाधान दिवस

खारिज के लिए मुकदमा पंजीकृत कराया था लेकिन आज तक उनके पैतृक भूमि की दाखिल खारिज नहीं हो सकती है। दिव्यांग ब्रजमोहन पुत्र छम्मीलाल ने बताया कि कई दिनों से उनका आवास के लिए आवेदन किया जा रहे हैं लेकिन आज तक ग्राम प्रधान ने खुन्नस के चलते उनका आवास योजना से वंचित रखा है वहीं रामपुर रामदास पुत्र सोनेलाल ने बताया कि स्थानीय लेखपाल उनको झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है तथा उनकी भूमि पर दबंग व्यक्ति कब्जा कर रखे हैं जिसकी शिकायत पर आज तक कोई संज्ञान नहीं लिया। समाधान दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित, तहसीलदार अनुभव चंद्र, बीडीओ नेमचंद्र, यशवीर सिंह के साथ अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

# एकीकृत एडवोकेट बार एसोसिएशन बिल्हौर का शपथ ग्रहण संपन्न

**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील सभागार में एकीकृत एडवोकेट बार एसोसिएशन बिल्हौर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण धूमधाम के साथ आयोजित किया गया।

इस मौके पर बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष अंकज मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में पहुंचने पर एकीकृत एडवोकेट बार एसोसिएशन के मुख्य संस्थापक अनिल अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर

- विधायक राहुल बच्चा सोनकर विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे

न्यायिक मजिस्ट्रेट ग्राम न्यायालय विकास कुमार, उपजिलाधिकारी बिल्हौर डॉ. संजीव दीक्षित, एसीपी बिल्हौर मंजय सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कृष्ण मुरारी शुक्ला तथा जिला पंचायत सदस्य कार्तिकेय शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि अंकज मिश्र ने एकीकृत एडवोकेट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीत गुप्ता, महामंत्री अनुराग द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेंद्र शुक्ला, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा नवले, कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री आशीष शुक्ला इंदु, मीडिया प्रभारी आशीष द्विवेदी, संयुक्त मंत्री प्रशासन सत्येंद्र यादव, संयुक्त मंत्री प्रकाशन अंशुमान सिंह सहित कार्यकारिणी सदस्य अशोक शुक्ला, बलवीर सिंह, सुमन गुप्ता और सोनी सिंह को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।




# मारपीट में पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता,शिवराजपुर

**अमृत विचार।** कस्बा निवासी महिला ने उसके परिजनों के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है ।

कस्बे के वार्ड नंबर एक निवासी शालिनी यादव पत्नी योगेंद्र यादव ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि कस्बे के इसी वार्ड के निवासी जिसमें अनिकेत व प्रियम पुत्रगण स्व मनोज नितिन गुप्ता, अभिनव कटियार व इंद्रप्रकाश उर्फ पिंटू एवं 10 से 11 अज्ञात लोगों ने विलहन रोड पर महिला एवं उसके परिजनों के साथ जमकर मारपीट की जिससे सभी लोगों को गंभीर चोटें आई हैं इस मामले में थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द ही आरोपियों को पड़कर जेल भेजा जाएगा ।

## आयोजन

### देशभक्ति से सराबोर हुए दर्शक

# वार्षिकोत्सव में बिखरे संस्कृति के रंग

संवाददाता बिल्हौर

अमृत विचार। दिल्ली पब्लिक स्कूल बिल्हौर का प्रथम वार्षिकोत्सव विद्यालय परिसर में अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवशाली अवसर पर विद्यालय के लगभग 400 विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दो विशेष नाट्य प्रस्तुतियां रहीं। 'स्टेट्स ऑफ इंडिया' के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने भारत की अनेकता में एकता और विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति को जीवंत किया। वहीं, क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित नाटक ने उपस्थित जनसमूह में देशभक्ति का जोश भर दिया। भावुक कर देने वाली इस प्रस्तुति पर पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल (डॉ.) ज़ाहिद सिद्दीकी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुणेंद्र सोनी व डॉ. एसपी सिंह तथा विशेष अतिथि के रूप में एसीपी मंजय सिंह एवं एसडीएम संजीव कुमार दीक्षित ने शिरकत की। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा मेधावी और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ गौरवपूर्ण वातावरण में हुआ।



अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ। अमृत विचार

- दिल्ली पब्लिक स्कूल बिल्हौर का प्रथम वार्षिकोत्सव संपन्न

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999




**इफ्तार**
रविवार शाम
सुन्नी : 6:08
शिया : 6:18

**सहरी**
सोमवार सुबह
सुन्नी : 5:17
शिया : 5:09

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया : इफ्तार के वक्त समुद्र की मछलियां भी रोजेदारों के लिए दुआ करती हैं।

# अब सिर्फ 5 साल तक होगी सड़कों की गारंटी

## अभी तक ग्रामीण सड़कों के लिए था 8 साल तक मरम्मत का प्रावधान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



वाहनों की संख्या बढ़ने से सड़कों पर भी भार बढ़ा है। अमृत विचार

- अब सभी श्रेणी की सड़कों के लिए अवधि हुई पांच वर्ष
- सड़कों पर 15 वर्षों में बढ़ा चार गुना वाहनों का दबाव

**अमृत विचार।** सड़कों पर 15 वर्षों में चार गुना वाहनों का दबाव बढ़ गया है, जिसकी वजह से सड़क लंबे समय तक टिक नहीं पा रही है। अभी तक सड़कों को अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर अलग-अलग मरम्मत की अवधि का प्रावधान था, मगर अब लोक निर्माण विभाग ने जो फैसला लिया है, उससे अब सभी श्रेणी की सड़कों के लिए मरम्मत की गारंटी अवधि समान रूप से पांच वर्ष तय कर दी गई है। यह निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है। इससे ग्रामीण सड़कों की बदहाली बढ़ेगी, जिनमें अभी तक आठ साल तक मरम्मत का प्रावधान था।

शहर में ही लोक निर्माण विभाग की सड़कों की हालत देखें तो सरसैया घाट, बड़ा चौराहा, मेस्टन रोड, लाटूश रोड हुए बांसमंडी, राकेट तिराहा, माल रोड, चुन्नीगंज, पराग डेयरी रोड, एमजी कॉलेज से चेतना चौराहा, घंटाघर से डिप्टी पड़ाव, चावला मार्केट से जूही की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हैं। माल रोड चौराहे पर तो सड़क की दुर्दशा है। इन सड़कों पर पांच साल तक मरम्मत की गारंटी का कोई असर नहीं दिखता है।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों की दुर्दशा के लिए वाहनों का दबाव बढ़ना मान रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि विभाग की ओर से कराए गए सर्वे में पता चला है कि बीते 15 वर्षों में सड़कों पर चार गुना वाहनों का दबाव बढ़ा है, जिसकी वजह से सड़कों की हालत समय से पहले खराब हो जाती है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अभी तक राज्य मार्गों के लिए चार साल, अन्य जिला मार्ग, प्रमुख जिला मार्ग, शहरी क्षेत्र में पांच वर्ष और ग्रामीण सड़कों के लिए आठ वर्ष की मरम्मत अवधि निर्धारित थी, लेकिन शासन के नए निर्णय के बाद इस व्यवस्था में बदलाव कर सभी सड़कों को एक समान पांच साल की गारंटी में शामिल कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक अलग-अलग गारंटी अवधि होने के कारण ठेकेदारों की जवाबदेही तय करने में दिक्कत आती थी। कई बार सड़कें समय से पहले खराब होने पर जिम्मेदारी को लेकर भी विवाद खड़े हो जाते थे।

### एक्सईएन बोले, नई व्यवस्था से सख्त होगी निगरानी

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार मिश्रा के मुताबिक एक समान पांच साल की गारंटी तय होने से निर्माण की गुणवत्ता पर सख्ती से निगरानी और अच्छे से की जा सकेगी। खराबी सामने आने पर ठेकेदारों से मरम्मत कराई जाएगी। सड़कों का नेटवर्क दो खंडों में फैला है। दोनों खंड मिलकर जिले की 1308 सड़कों की मरम्मत और निर्माण की जिम्मेदारी संभालते हैं। नई व्यवस्था से सड़क निर्माण और रखरखाव दोनों में सुधार होगा। गारंटी अवधि होने से न सिर्फ गुणवत्ता पर नियंत्रण रहेगा, बल्कि आम लोगों को भी लंबे समय तक बेहतर सड़कें मिल सकेंगी।

### शहर में वाहनों की तेजी से बढ़ रही संख्या

जिले में वाहनों की संख्या में बीते 15 वर्षों में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई, जिसका सड़कों की स्थिति पर सीधा असर पड़ रहा है। जनपद में वर्तमान में 18 लाख 75 हजार 913 वाहन पंजीकृत हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या दोपहिया वाहनों की है, जिनकी संख्या 13 लाख 74 हजार 503 है। इसके अलावा दो लाख 95 हजार 242 कारें पंजीकृत हैं। भारी और हल्के व्यावसायिक वाहनों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है, जिससे गांव से लेकर शहर की सड़कों पर दबाव बढ़ा है। इसी दबाव से सड़कें ज्यादा बदहाल हो रही हैं।

## सिटी ब्रीफ

### शेखपुरा से आनंद विहार के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**कानपुर।** रेलवे ने होली में शेखपुरा से आनंद विहार टर्मिनल तक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस ट्रेन में सामान्य 8, स्लीपर 12, चेयरकार 2 और पार्सल के 2 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 03697 शेखपुरा से 6 मार्च से 14 मार्च तक सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार को प्रात: 11.30 बजे चलेगी। गोविंदपुरी रात 00.20 बजे, आनंद विहार टर्मिनल प्रात: 11.40 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 03698 आनंद विहार से 7 से 15 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, शनिवार और रविवार को चलेगी। आनंद विहार से दोपहर 1.30 बजे, गोविंदपुरी रात 11.20 बजे, प्रयागराज रात 2.25 बजे, शेखपुरा दोपहर 2.45 बजे पहुंचेगी।

### ऊधना से रक्सौल के लिए भी विशेष ट्रेन

**कानपुर।** होली में ऊधना से रक्सौल के मध्य भी 22 फरवरी से विशेष ट्रेन चलेगी। यह गाड़ी एक बार अप-डाउन करेगी। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 09151 22 फरवरी को उधना से दोपहर 3:35 बजे रवाना होगी और कानपुर सेंट्रल स्टेशन दोपहर 12.30 बजे पहुंचेगी। अगले दिन रात 00.15 बजे रक्सौल स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09152 रक्सौल से 24 फरवरी को प्रात: 5:30 बजे रवाना होगी। कानपुर सेंट्रल स्टेशन सायं 4.30 बजे पहुंचेगी।

# आनंद विहार से गोविंदपुरी होते हुए शेखपुरा विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- होली में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए लिया गया अहम फैसला

**अमृत विचार।** होली पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने शेखपुरा से आनंद विहार के बीच ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस ट्रेन में सामान्य 4, स्लीपर 6, एसी थर्ड 3, एसी इकानामी 3, एसी सेकंड 2, एसी फर्स्ट 1, रसोईयान 1 और पार्सल के 2 डिब्बे होंगे।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 02397 शेखपुरा से प्रत्येक रविवार को 8 एवं 15 मार्च को चलेगी। गाड़ी संख्या 02398 प्रत्येक सोमवार को आनंद विहार से 9 और 16 मार्च को चलेगी। गाड़ी संख्या 02397 शेखपुरा से प्रातः 11.30 बजे, नवादा दोपहर 12.24 बजे, गया 2.15 बजे, सासाराम दोपहर 3.42 बजे, पं. दीन दयालय उपाध्याय सायं 5.20 बजे, प्रयागराज रात 9.25 बजे, गोविंदपुरी रात 00.20 बजे, टूंडला रात 3.58 बजे, आनंद विहार प्रातः 11.40 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02398 आनंद विहार से दोपहर 1.30 बजे रवाना होगी। टूंडला सायं 4.40 बजे, गोविंदपुरी रात 11.20 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय प्रातः 7.30 बजे, सासाराम 9.05 बजे, गया प्रातः 11.10 बजे, शेखपुरा दोपहर 2.45 बजे पहुंचेगी।

### हावड़ा से नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन

**कानपुर।** होली पर रेलवे ने कानपुर के गोविंदपुरी होते हुए नई दिल्ली से हावड़ा के बीच विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन प्रतिदिन 27 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगी। इस ट्रेन में एसी सेकंड 1, थर्ड एसी 9, रसोईयान के डिब्बे होंगे।

गाड़ी संख्या 04052 नई दिल्ली से शाम 6.15 बजे चलेगी। गोविंदपुरी रात 2.40 बजे, प्रयागराज प्रातः 5.55 बजे, मिर्जापुर प्रातः 7.18 बजे, पटना दोपहर 1.10 बजे, हावड़ा रात 11.40 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04051 हावड़ा से रात 1.40 बजे रवाना होगी। प्रयागराज शाम 6.40 बजे, गोविंदपुरी रात 9.55 बजे, अलीगढ़ रात 2.10 बजे, नई दिल्ली प्रातः 8.20 बजे पहुंचेगी।




# तहसील कर्मियों के पास परिचय पत्र नहीं मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- संपूर्ण समाधान दिवस में 123 शिकायतों में सिर्फ 10 का हो सका निस्तारण
- लेखपाल पर कार्रवाई के दिए निर्देश, संग्रह अमीन बिना अवकाश गायब रहा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने नर्वल तहसील का निरीक्षण किया जिसमें कर्मियों के पास परिचय-पत्र तक नहीं मिला। शिकायतों का निस्तारण नहीं करने पर लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये गये जबकि संग्रह अमीन बिना अवकाश लिये अनुपस्थित मिले।

शनिवार को नर्वल तहसील में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 123 शिकायतों में 10 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ग्राम सभा भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायत एवं लापरवाही के क्रम में लेखपाल सतीश सिंह के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं संग्रह अमीन अनिल कुमार को बिना अवकाश स्वीकृति अनुपस्थित रहने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। वीआरसी कक्ष में तैनात कार्मिकों के पास परिचय पत्र उपलब्ध नहीं थे तथा कक्ष के बाहर नाम एवं मोबाइल नंबर अंकित नहीं पाए गए। अभिलेखागार में सेमरझाल गांव से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण किया।

तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति को निर्देशित किया गया कि संबंधित गांव के अभिलेखों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें। संग्रह कार्यालय के निरीक्षण में संग्रह पंजिका में अंतिम आरसी दिनांक 25 नवंबर 2025 को जारी पाई गई। विद्युत विभाग से संबंधित 1.17 लाख रुपये की आरसी वसूली के संबंध में जिलाधिकारी ने अमीन अनिल से दूरभाष पर वार्ता कर प्रगति की जानकारी ली। वसूली न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अमीन के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जो बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. विवेक चतुर्वेदी, एसडीएम नरवल विवेक कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## सिटी ब्रीफ

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**कानपुर।** फीलखाना में मंदिर दर्शन करके लौटे युवक की अचानक तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे हैलट ले गए, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मनीराम बगिया निवासी 24 वर्षीय शिवम मिश्रा प्लंबर का काम करता था। परिवार में मां कामिनी व दो बहन अभिलाषा व मुस्कान हैं। मामा राजा ने बताया कि शुक्रवार सुबह भांजा कमला टावर के पास मंदिर में दर्शन करने गया था। लौटाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। उसे हैलट ले गए, जहां इलाज के दौरान भांजे की मौत हो गई। डॉक्टर ने जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भांजे का किसी से विवाद नहीं था। काम-धंधा भी ठीक चला रहा था। आशंका जताई कि उसे रास्ते में किसी ने कुछ खिलाया है, जिससे भांजे की मौत हो गई। थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं है, बिसरा सुरक्षित किया गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कल्याणपुर।** रावतपुर के केशवपुरम निवासी 25 वर्षीय मनीष दुबे उर्फ गणेश ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां नीलम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। युवक का मोबाइल कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

### लूट मामले में ऑटो चालक गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** सेंट्रल स्टेशन से सचेंडी के लिए निकले युवक के साथ मारपीट कर उसे लूटने के मामले में पनकी पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मूलरूप से कौशांबी के पैसा फाजिलपुर निवासी गोविंद 30 जनवरी की रात करीब तीन बजे जोधपुर हावड़ा से कानपुर सेंट्रल पर उतरा, जहां से वह ऑटो पर सवार होकर चकरपुर मंडी के पास रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। आरोप है कि ऑटो चालक समेत पहले से सवार तीन लोगों ने न्यू ट्रांसपोर्ट नगर के पास उसके साथ मारपीट की। शातिरों ने जेब में पड़े 15 हजार रुपये व उसका बैग छीनकर उसे भौती बाइपास के पास फेंककर फरार हो गए थे। ऑटो नंबर के आधार पर पुलिस ने शनिवार को हनुमंत विहार निवासी ऑटो चालक प्रभात कश्यप को गिरफ्तार कर लिया।

# कपड़ा कारोबारी की मौत, पिस्टल का राज गहराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वर्ष 2010 में कपड़ा कारोबारी ने किया था प्रेम विवाह
- पिता बोले- प्रेम विवाह के बाद अक्सर होती थी कलह

**अमृत विचार।** आर्यनगर में पिस्टल से खुद को गोली मारने वाले साड़ी कारोबारी की रीजेंसी में तीन दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पिता ने बताया कि एकलौते बेटे ने क्यों जान दी, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। हां, उसका अक्सर बहू से झगड़ा होता था। घर में कलह की स्थिति बनी रहती थी। प्रेम विवाह के बाद वह इंद्रलोक विला में रहने लगा था। उनका आना-जाना भी नहीं था।

कोहना के इंद्रलोक विला अपार्टमेंट के थर्ड फ्लोर पर रहने वाले 40 वर्षीय सनल कपूर साड़ी कारोबारी थे। नयागंज में उनकी दुकान है। रतन ऑर्बिट निवासी पिता सत्य प्रकाश ट्रेडिंग का काम करते थे। उन्होंने बताया कि एकलौता बेटा सनल ने 2010 में काहूकोठी की रहने वाली प्रियंका से प्रेम विवाह किया था। उसके दो बेटियां झलक, वानी हैं। प्रियंका ने बताया कि बीते मंगलवार रात खाना खाने के बाद सनल बेटी वानी के साथ अलग कमरे में सोए थे। बेटी झलक के साथ वह दूसरे कमरे में थीं। इसी बीच गोली चलने की आवाज सुनी। कमरे में पहुंची तो सनल खून से लथपथ पड़े थे। सनल के पास पिस्टल कहां से आई, इसकी जानकारी नहीं है।



साड़ी कारोबारी सनल कपूर।

### सास-ससुर को पसंद नहीं करती बहू प्रियंका

- पिता ने बताया कि शादी के बाद वह पत्नी रेखा के साथ बेटे के घर गए थे, जो बहू को पसंद नहीं आया। इसलिए उन्होंने बेटे के पास आना-जाना बंद कर दिया था। बेटे के गोली मारने की खबर प्रियंका के मामा ने फोन पर दी थी कि सनल ने गोली मार ली है। खबर पाकर वह पहुंचे थे, लेकिन पिस्टल कहां से आई इसकी जानकारी नहीं है। वहां क्या हुआ? यह भी नहीं पता है। अभी तक उनकी बात बहू से नहीं हुई। बेटे-बहू के बीच अक्सर झगड़ा होता था। बेटे ने कई बार इसकी जानकारी दी थी।

### तीन साल पहले दोनों में समझौता कराने गए थे

- पिता सत्य प्रकाश ने बताया कि बहू-बेटे के बीच तीन साल पहले काफी विवाद हुआ था। खबर पाकर वह समझौता कराने पहुंचे थे। उसके बाद से ही उन्होंने आना-जाना बंद किया। रोते हुए कहा कि इस उम्र में बेटे के शव को कंधा देना पड़ेगा, इसकी कल्पना नहीं की थी।

# डेढ़ फीट गहरी नाली में गिरने से मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ममेरे भाई की शादी समारोह में गया था, शव मिलने पर मचा कोहराम
- जेब में मिले शादी के कार्ड से हुई पहचान, युवक ने पी रखी थी शराब

**अमृत विचार।** किदवई नगर में ममेरे भाई की शादी में गए इलेक्ट्रीशियन का नाली में औंधे मुंह शव मिला। शनिवार सुबह मार्निंग वाकरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। तलाशी में युवक के जेब से शादी का कार्ड मिला। जिसके जरिए शिनाख्त कराकर शव पोस्टमार्टम भेजा गया। परिजनों के शराब के नशे में होने की बात कहने पर पुलिस ने नाली में गिरने से मौत की संभावना जताई है।

वाई ब्लाक निवासी 37 वर्षीय विश्वनाथ चार भाइयों में तीसरे नंबर के थे। विश्नाथ पत्नी ज्योति व बेटी सृष्टि के साथ परिवार से अलग नौबस्ता के मछरिया में किराए पर रहते थे। शुक्रवार को उसके मामा वीरेंद्र के बेटे शिवम की शादी थी। वह परिजनों के साथ शादी समारोह में शामिल होने किदवईनगर के एच-ब्लाक स्थित बाजार कर्मचारी धर्मशाला में गया था। मामा वीरेंद्र ने बताया कि विश्वनाथ ने शराब पी रखी थी। वह बहुत नशे में था। देर रात वह धर्मशाला से बाहर निकला था, इसकी जानकारी परिजनों को भी नहीं थी। शनिवार सुबह पुलिस ने उसके पास शादी का कार्ड मिलने पर मामा से फोन पर संपर्क किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त भांजे विश्वनाथ के रूप में की। पुलिस के अनुसार शव धर्मशाला से कुछ दूरी पर नाली में औंधे मुंह पड़ा मिला है। किदवईनगर थानाप्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में युवक के शराब के नशे में होने की बात पता चली है। नाली एक से डेढ़ फिट से ज्यादा गहरी नहीं होगी। नशे में लड़खड़ाकर नाली में गिरने से मौत की संभावना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है।



विश्वनाथ।

# गेस्ट हाउस से किशोरी को अगवा कर गैंगरेप

## 250 कैमरे खंगालने के बाद आरोपियों तक पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बर्रा में शादी समारोह में शामिल होने गई किशोरी से पता पूछने के बहाने किया अगवा
- फतेहपुर जनपद के जहानाबाद निवासी दोनों आरोपी गिरफ्तार पिकअप को सीज किया गया

**अमृत विचार।** बर्रा में शादी समारोह में पहुंची किशोरी को अगवाकर चलती पिकअप में गैंगरेप हुआ। आरोपी बहाने से अगवा कर ले गए। किशोरी के लापता होने की खबर पर पुलिस ने तलाश शुरू की। 24 घंटे में 250 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद दोनों आरोपियों को बंबा कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर पिकअप को सीज किया है। किशोरी के बयानों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट व गैंगरेप की कार्रवाई कर जेल भेजा है।

बर्रा थाना प्रभारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 19 फरवरी की रात किशोरी के लापता होने की सूचना उसके परिजनों से मिली थी। किशोरी के पिता ने थाने आकर बताया कि वह मां के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए इलाके के एक गेस्ट हाउस गई थी, जहां रात करीब नौ बजे गायब हो गई। मां ने तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

सूचना पर पुलिस ने भी पहुंचकर तलाश की। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। एक कैमरे में पिकअप सवार दो युवक किशोरी को जबरन ले जाते दिखे। इसके बाद पुलिस ने कैमरों की मदद से उनकी लोकेशन खंगालनी शुरू की। पुलिस की कई टीमें किशोरी की तलाश में जुट गईं। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर करीब 250 से ज्यादा कैमरों को खंगाला, जिसके आधार पर पिकअप के जाने वाले रूट पर पुलिस ने पड़ताल शुरू की।

इसी बीच पुलिस को नंबर के आधार पर पिकअप बंबा कट की ओर जाने की सूचना मिली। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप को पकड़ लिया। पिकअप में सवार फतेहपुर जिले के जहानाबाद निवासी विनोद गुप्ता और पिंटू दिवाकर को गिरफ्तार किया गया। पिकअप से किशोरी भी बरामद हुई।

### पता पूछने के बहाने खींचा, मुंह दबाया

- थाने लाने पर पूछताछ में किशोरी ने बताया कि आरोपियों ने पता पूछने के बहाने से उसे गेस्ट हाउस के बाहर से जबरन पिकअप में खींच लिया। शोर न मचा सके, इसलिए मुंह दबा लिया। रास्ते में दोनों आरोपियों ने चलती पिकअप में उसके साथ गलत काम किया। थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरी के बयानों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट व गैंगरेप की कार्रवाई की गई है। पिकअप सीज कर दोनों को जेल भेजा गया है।

# 25 हजार का इनामी लखनऊ से गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** नगर निगम में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से 80.60 लाख की रकम हड़पने के मामले में फरार चल रहे 25 के इनामी शातिर को पुलिस ने लखनऊ से धर दबोचा।

नौबस्ता के पशुपति नगर निवासी एके बाजपेई ने वर्ष 2023 में देवी सहाय नगर निवासी सतनाम के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। एके बाजपेई के अनुसार 2020 के दौरान सतनाम ने उन्हें सरकार में अच्छी पैठ का हवाला देकर नगर निगम में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था, जिस पर उन्होंने कई युवाओं की नौकरी के लिए उसे 81.60 लाख रुपये दिए। कुछ दिन बाद सतनाम ने उन्हें ज्वाइनिंग लेटर लाकर थमा दिए, जो बाद में फर्जी निकले। उन्होंने जब रकम वापस मांगी तो वह टालमटोल करने लगा। इतना ही नहीं दबाव बनाने पर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया। शनिवार को कल्याणपुर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से सतनाम को लखनऊ के जानकीपुरम से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया युवक शातिर ठग है, जो पहले कुशीनगर में भी ठगी को अंजाम दे चुका है।

# शादी में देर रात तक डीजे बजाने वालों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर पुलिस गेस्ट हाउस पहुंची
- अवहेलना और सार्वजनिक उपद्रव की धारा में हुई कार्रवाई




**अमृत विचार।** चकेरी में शादी समारोह में देर रात तक डीजे बजाने पर पुलिस ने क्षेत्र के आधा दर्जन गेस्ट हाउस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और जांच शुरू की है। आरोप है कि देर रात तक डीजे का शोर होने से नींद पूरी नहीं हो पा रही है। शिकायत के बाद भी गेस्ट हाउस संचालकों ने ध्यान नहीं दिया।

श्यामनगर चौकी प्रभारी अनीश कुमार सिंह के अनुसार शुक्रवार देर रात 12 बजे सूचना मिली कि चौकी क्षेत्र में ड्रीम पार्टी लॉन व गोविंदा इलाइट गेस्ट हाउस में शादी समारोह के दौरान देर रात तक डीजे बजाया जा रहा है। शिकायत पर दोनों गेस्ट हाउस में पहुंचकर देखा तो डीजे बजाया जा रहा था। शिकायत सही पाए जाने पर ड्रीम पार्टी लॉन के प्रबंधक नौबस्ता के हंसपुरम निवासी नदीम व गोविंदा इलाइट में विश्वनाथ डीजे के प्रबंधक एमपी छतरपुर के दिनेश कुमार चतुर्वेदी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

इसी तरह सनिगवां चौकी प्रभारी भरत कुमार पाठक ने केआर शादीटोरियम के प्रबंधक आदर्श विहार निवासी अमित शर्मा व दरोगा नरेंद्र कुमार ने श्यामनगर स्थित परिणय गेस्ट हाउस के संचालक अरुण कुमार पांडेय व घाटमपुर सिहूपुर निवासी अवधेश के खिलाफ समारोह में देर रात तक डीजे बजाने का मुकदमा दर्ज कराया है। चकेरी चौकी के दरोगा पवन कुमार शर्मा ने शिवकटरा रोड स्थित नारायण लॉन के प्रबंधक काजीखेड़ा निवासी अजय प्रजापति, कृष्णानगर के दरोगा प्रिंस कुमार ने राम वाटिका के प्रबंधक मछरिया निवासी लल्लन अवस्थी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि सभी प्रबंधकों के खिलाफ देर तक डीजे बजाकर जनमानस को परेशान करने, लोक सेवक के आदेश की अवहेलना, सार्वजनिक उपद्रव की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# उमरा के नाम पर 10 लाख की ठगी

**कानपुर।** जूही में उमरा यात्रा पर भेजने के नाम पर शातिरों ने 14 लोगों से 10 लाख रुपये हड़प लिए। फ्लाइट व वीजा के नाम पर यह रकम वसूली गई। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

जूही निवासी महताब हसन वेल्डिंग कर काम करते हैं। उन्होंने तहरीर में बताया कि उन्हें नाते-रिश्तेदारों के साथ उमरा के लिए जाना था। वह फ्लाइट व वीजा के लिए प्रयासरत थे। इसी बीच उनकी मुलाकात चमनगंज के क्लासिक ट्रैवेल्स व अलफैज ग्रुप के नाम से हज व उमरा कराने वाले लोगों से हुई। जिसमें मो. हनीफ, मो. अनीस उर्फ मुन्ना, मो. दानिश और यस्सार अहमद हैं। 17 नवंबर को दिल्ली से अरब के लिए फ्लाइट व यात्रा में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। बदले में प्रति व्यक्ति 65 हजार से लेकर अस्सी हजार तक लिया। कुल मिलाकर लगभग 10 लाख रुपये आरोपियों ने वसूला। 15 नवंबर को कानपुर से दिल्ली के टिकट भी बुक कराए थे। उमरा यात्रा के उपलक्ष्य में घर में दावत दी। इसके बाद उन्हें बताया गया कि कोई बुकिंग नहीं है और वीजा भी जारी नहीं हुआ है। थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# शहर में 70 हजार ई-रिक्शे अवैध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नई व्यवस्था को चुनौती बनेंगे यही ई-रिक्शा, जाम से राहत नहीं

**30** प्रतिशत ई रिक्शे पंजीकृत ही नहीं

**अमृत विचार।** नगर निगम एवं यातायात विभाग ने शहर में दौड़ रहे ई रिक्शों का कलर कोड जारी करने की घोषणा कर दी है लेकिन 70 हजार से अधिक ई रिक्शे ऐसे हैं जिनका न तो कोई पंजीयन है और न ही उन्हें अपने ई रिक्शे का नगर निगम में पंजीयन कराया है। ये मान लीजिये कि कलर के हिसाब से ई रिक्शे चलने लगेंगे, उसके बाद भी शहर को 10 प्रतिशत भी जाम से निजात मिलने वाली नहीं है।

बीते वर्ष कई माह तक नगर निगम, ट्रैफिक लाइन समेत कई स्थानों पर ई रिक्शों का पंजीयन किया गया। ई रिक्शों के चालकों का भी पंजीयन किया गया और ये कहा गया कि ई रिक्शे वही चला पाएंगे जिनका पंजीयन नगर निगम में होगा लेकिन नगर निगम में 30 प्रतिशत भी ई रिक्शों ने पंजीयन नहीं कराया। अब रुट के हिसाब से कलर कोड 25 फरवरी से दिया जाएगा लेकिन जिनका कलर कोड नहीं है, उनका क्या होगा।

**जांच हो जाए तो चालक पहुंच जाएंगे हवालात :** नगर निगम में जिन ई रिक्शों ने अपना पंजीयन नहीं कराया है, यदि उनका धरपकड़ की जाए तो पूरा ट्रैफिक लाइन फुल हो जाएगा। हजारों की संख्या में चालक हवालात पहुंच जाएंगे। अपने शहर में ई रिक्शा चलाने वाले बदलते रहे हैं जैसे आज उनका ई रिक्शा चला रहे हैं तो कल दूसरे का ई रिक्शा चलाने लगते हैं। ऐसे में किसी एक ई रिक्शा में चालक नहीं बंध सकता।

### घनी आबादी में ई रिक्शा की बाढ़

- हाईवे, मुख्य मार्गों पर ई रिक्शों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, ऐसे में हजारों की संख्या में ई रिक्शे घनी आबादी, बाजार वाले क्षेत्रों में पहुंच चुके है। यदि आपको रूपम चौराहा से तलाक महल होते हुए परेड जाना है तो आप पैदल नहीं जा पाएंगे क्योंकि पानी की टंकी से रहमानी मार्केट तक आप ई रिक्शों की अराजकता से घंटों फंसे रहेंगे। इसी प्रकार लाटूश रोड, इफ्तिखाबाद, नाला रोड, पी रोड, मोहम्मद अली पार्क रोड समेत कई ऐसे मार्ग हैं जिनपर चलना दूभर है।

# ट्रेन पर चढ़ते समय फंसी शर्ट, युवक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शादी वाले घर में भाई की मौत से कोहराम मच गया। युवक बहन की शादी निपटाकर मुंबई जाने के लिए निकला था। सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय उसकी शर्ट पोल में फंस गई और वह सिर के बल गिरकर गंभीर घायल हो गया। जीआरपी ने अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

नौबस्ता के उस्मानपुर निवासी 45 वर्षीय अमर गोसाई परिवार के साथ मुंबई के दहिसर में रहते थे। पत्नी सीमा, बेटी नंदनी, प्रिया व बेटे आर्यन, शिवम व कृष्णा हैं। परिजनों ने बताया कि अमर मुंबई में गैस सिलेंडर की डिलीवरी करते थे। बीते गुरुवार को उसकी बहन गंगोत्री की शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए वह कानपुर आया था। परिजनों के अनुसार बहन की अगले दिन विदाई करने के बाद अमर वापस मुंबई के लिए निकला। शनिवार सुबह वह अकेले मुंबई जाने के लिए घर से निकला था। सुबह करीब साढे छह बजे वह सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म तीन-चार पर पहुंचे और ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन में चढ़ने के लिए उसने जल्दबाजी की। ट्रेन पर चढ़ने समय उसकी शर्ट ट्रैक किनारे लगे पाइप में फंस गई, जिसकी वजह से वह ट्रैक पर सिर के बल गिरकर घायल हो गया। जीआरपी ने उसे अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई।

# गुरुदेव पुलिस चौकी के सामने सिपाही की पत्नी के गहने पार

संवाददाता, कल्याणपुर

- ऑटो का इंतजार कर रही महिला को बातों में फंसाया

**अमृत विचार।** रावतपुर में गुरुदेव चौकी के सामने शातिर चोरों ने सिपाही की पत्नी को अपनी बातों में फंसाकर उसके बैग से लाखों के गहने पार कर दिए। घर पहुंची महिला ने मामले की जानकारी होने पर घटना की सूचना पुलिस को दी। पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर रावतपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

फजलगंज थाना परिसर में रहने वाले सिपाही शैलेंद्र यादव की पत्नी सरिता 13 फरवरी को एक शादी समारोह से लौट रही थी। गुरुदेव चौकी के सामने क्रॉसिंग के पास खड़े होकर वह ऑटो कि इंतजार करने लगी। तभी वहां पहले से खड़ी दो महिलाओं व पुरुषों ने उन्हें अपनी बातों में फंसा लिया। इस दौरान एक उनके बैग की तारीफ करते हुए पास में आकर बात करने लगी। आरोप है कि इस दौरान उस महिला व उसके साथियों ने उनके बैग में रखें लगभग आठ लाख रुपये कीमत के गहने पार कर दिए। वहीं घर पहुंचने के बाद सरिता को गहने चोरी हो जाने की जानकारी हुई। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### वाहन चोरी के मामले में फरार वारंटी गिरफ्तार

- **कानपुर।** फजलगंज पुलिस ने फरार वारंटी गडरियनपुरवा निवासी विजय राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी को पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार किया। जमानत मिलने के बाद से आरोपी पित यालय में हाजिर नहीं हो रहा था। न्यायालय ने वारंट जारी किया था। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि सितंबर 2018 में पुलिस टीम ने विजय राजपूत और उसके साथी सत्येंद्र वर्मा निवासी पनकी को चोरी के वाहनों के साथ पकड़ा था। आरोपी के पास से चोरी की तीन बाइक और एक स्कूटी बरामद हुई थी। पुलिस ने आरोपी को चोरी व धोखाधड़ी मामले में जेल भेजा था।

**बदली व्यवस्था**

**शहर में ई-रिक्शा और ऑटो की मनमानी चाल पर लगेगी लगाम, 25 से पंजीकरण**

# 7 रंग और 7 रूट के साथ क्यूआर कोड, 7 मार्च से होगी सख्ती

विशेष संवाददाता, कानपुर

- ई-रिक्शा और ई-ऑटो को आवंटित किए जाएंगे कलर कोड युक्त क्यूआर स्टिकर
- वाहन, वाहन स्वामी, चालक का पूरा ब्यौरा क्यूआर कोड स्कैन करते ही आएगा सामने

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा और ई-ऑटो चालक अब मनमानी नहीं कर सकेंगे। शहर में यातायात व्यवस्ता को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए ई-रिक्शा और ई-ऑटो के लिए एक नई कलर कोड क्यूआर प्रणाली लागू की जा रही है। इसके अंतर्गत शहर को सात जोन (रूट) में बांटकर हर जोन के लिए एक विशिष्ट रंग निर्धारित किया गया है। इसके बाद हर वाहन पर कलर कोड स्टिकर लगा होगा, जिसमें वाहन, मालिक, रूट और चालक का पूरा ब्यौरा दर्ज होगा। कलर कोड स्टिकर आवंटन का काम 25 फरवरी से शुरू कर दिया जाएगा। छह मार्च से कलर क्यूआर कोड से तय रूट पर ही ई-रिक्शा और ऑटो चल सकेंगे।



परेड चौराहा। अमृत विचार

ट्रैफिक पुलिस की ओर से जारी आदेश के मुताबिक संबंधित थाने और सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) पुलिस कार्यालय परिसर से वाहन स्वामी कलर क्यूआर कोड स्टिकर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए वाहन रजिस्ट्रेशन, बीमा और फिटनेस सर्टिफिकेट के अलावा आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस लेकर जाना पड़ेगा। यातायात पुलिस कार्यालय परिसर के काउंटर पर ये सभी दस्तावेज जमा करने के बाद वहां मौजूद कर्मचारी इन्हें साफ्टवेयर में फीड करेगा और एक पर्ची देगा। इस पर्ची को लेकर सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) के कार्यालय जाना होगा और वहीं से क्यूआर कोड युक्त कलर स्टिकर प्राप्त हो जाएगा। हर क्षेत्र के लिए अलग रंग का स्टिकर होगा और संबंधित वाहन उसी के मुताबिक चल सकेंगे। कोई भी सवारी क्यूआर कोड स्कैन कर वाहन और चालक का विवरण जान सकेगी। इससे सुरक्षा पुख्ता होगी। अपराध पर अंकुश लगेगा और जाम से भी किसी हद तक निजात मिलेगी। इसके साथ ही स्टिकर लगा होने से पता लग जाएगा कि वाहन निर्धारित रूट पर चल रहा है या नहीं। पुलिस को भी चेकिंग में कागजात देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### ये हैं रूट और कलर कोड

- **रूट नंबर-1 ( रेड जोन)**
  कोतवाली, फीलखाना, मूलगंज, कलक्टरगंज, हरबंश मोहाल, बादशाहीनाका, अनवरगंज, चमनगंज, रायपुरवा, बेकनगंज थानाक्षेत्र के पते पर पंजीकृत वाहन स्वामी के ई-रिक्शा और ई-ऑटो।
- **रूट नंबर-2 (ग्रीन जोन)**
  नौबस्ता, किदवई नगर, बाबूपुरवा, रेल बाजार और सेन पश्चिम पारा। इसमें रामादेवी से नौबस्ता फ्लाईओवर के नीचे सर्विस लेन पर संचालन की अनुमति है।
- **रूट नंबर-3 (धानी जोन)**
  बर्रा, गुजैनी, हनुमंत बिहार, जूही और गोविन्दनगर इलाका।
- **रूट नंबर-4 (ब्लू जोन)**
  चकेरी, जाजमऊ और छावनी थाना क्षेत्र। रामदेवी से नौबस्ता तक फ्लाईओवर के नीचे सर्विस लेन वाली सड़क के दोनों ओर संचालन मान्य है।
- **रूट नंबर-5 (यलो जोन)**
  कर्नलगंज, ग्वालटोली, सीसामऊ, बजरिया और कोहना थाना क्षेत्र के पते पर पंजीकृत वाहन चल सकेंगे।
- **रूरूट नंबर-6 (वालेट जोन)**
  कल्याणपुर, पनकी, अरमापुर और रावतपुर।
- **रूरूट नंबर-7 (पिंक जोन)**
  काकादेव, स्वरूप नगर, नजीराबाद, फजलगंज और नवाबगंज।

# एप क्लिक करते ही खाते से चार लाख रुपये कटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शातिर ने खुद को बताया बैंक एजेंट, एप पुराना बता भेजा लिंक

**अमृत विचार।** गोविंदनगर में साइबर शातिर ने खुद को बैंक का एजेंट बताकर टीवी मैकेनिक के खाते से चार लाख रुपये पार कर लिए। ठग ने पीड़ित से बैंक एप पुराना होने की बात कहकर एक लिंक भेजा। जिसे क्लिक करते ही खाते से रुपये निकल गए। पैसे ट्रांसफर का मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ तो साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एच-ब्लाक निवासी टीवी मैकेनिक विजय श्रीवास्तव के अनुसार ओ-ब्लाक गोविंदनगर में पंजाब नेशनल बैंक शाखा में उनका खाता है। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को बैंक एप के जरिए ऑनलाइन भुगतान का कई बार प्रयास किया, लेकिन नहीं हो पाया। इसी बीच एक अंजान नंबर से काल आई। फोन करने वाले ने खुद को बैंक का एजेंट बताया। उसने कहा कि आपका बैंक एप पुराना हो गया है। इसलिए कोई लेनदेन होना मुश्किल है। इसके बाद उसने कहा कि व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक भेज रहे हैं। उसे क्लिक करते हुए लेनेदेन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

पीड़ित के अनुसार इसके बाद उसने एक लिंक भेजा। उसे क्लिक करने के बाद मोबाइल हैंग हो गया और काम करना बंद कर दिया। वह ठीक करने लग गए। इसके कुछ देर बाद मोबाइल ठीक होने पर उनके खाते से चार लाख रुपये ट्रांसफर होने का मैसेज आया। कार्यवाहक प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सिटी ब्रीफ

### बिठूर महोत्सव 26 से 28 फरवरी तक

**कानपुर।** सीडीओ अधिकारी दीक्षा जैन ने शनिवार को बिठूर महोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर बताया कि 26 से 28 फरवरी तक बिठूर के नानाराव पार्क में तीन दिवसीय महोत्सव आयोजित किया जाएगा। यूफोरिया बैंड की प्रस्तुति और बॉलीवुड संगीत संध्या मुख्य आकर्षण होंगे। रामकला केंद्र द्वारा कर्ण आधारित नाट्य मंचन, कथक नृत्य प्रस्तुति, कवि सम्मेलन तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करने के लिए कठपुतली नृत्य, कच्चीघोड़ी, शहनाई वादन और रावनहाथा की प्रस्तुति भी होगी।

### विधिक जागरूकता शिविर आज लगेगा

**कानपुर।** अपर सिविल जज (सीडी) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव कर्णिका अवध ने बताया कि रविवार 22 फरवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय सभागार में वृहद विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन प्रातः 10 :00 बजे से होगा।

### किसानों के खातों में पहुंची क्षतिपूर्ति राशि

**कानपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में बीमा योजनाओं के लाभार्थी किसानों को वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया जिसका सीधा प्रसारण कृषि भवन परिसर, गुमटी नंबर 9 रावतपुर स्थित कृषक सभागार में आयोजित किया गया। अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने की। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विवेक चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

### 53 वाहन स्वामियों की समस्याओं का निदान

**कानपुर।** आरटीओ कार्यालय के सारथी भवन में शनिवार को परिवहन मेले में विभिन्न मोटर व्यवसाय के पदाधिकारी/डीलर/वाहन स्वामी पहुंचे। मेले में 53 वाहन स्वामियों की समस्याओं का समाधान किया गया। आरटीओ (प्रवर्तन) राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार, एआरटीओ आकांक्षा सिंह, मोटरयान निरीक्षक प्राविधिक संतोष कुमार आदि ने समस्याओं को सुना और समाधान किया। एकमुश्त कर व्यवस्था संबंधी नियमों, कर निर्धारण की प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के सम्बन्ध में वाहन स्वामियों एवं विभिन्न ट्रॉन्सपोर्ट संगठनों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। कुल 5 वाहन स्वामियों से एकमुश्त टैक्स 0-1.54 लाख राजस्व की प्राप्ति हुई।

# टैरिफ पर विवाद से पुराने ऑर्डर पर असर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका पर टैरिफ पर वहां के कोर्ट का निर्णय और ट्रंप की नई घोषणा के बीच यह मुद्दा फिर विवाद में है। नए विवाद के पनपने के बाद निर्यातक भ्रम में हैं। ऐसे में रिकवर हो रहे पुराने ऑर्डर पर दोबारा असर पड़ रहा है। विदेशी खरीदार और निर्यातक के बीच पैदा हुए भ्रम से माना जा रहा है कि कुछ दिन ऑर्डर और होल्ड हो सकते हैं। निर्यात विशेषज्ञ इस प्रकरण के बाद सप्ताह भर में स्थिति साफ होने की बात कर रहे हैं।

| | |
|---|---|
| **25** | सौ करोड़ रुपये का अमेरिका को निर्यात |
| **10** | हजार करोड़ रुपये का शहर का कुल निर्यात |
| **42** | सौ युनिट शहर की निर्यात कारोबार से जुड़ी |
| **45** | फीसदी एमएसएमई सेक्टर निर्यात से जुड़ा |

**प्रोडक्शन पर फिलहाल असर नहीं**

- अमेरिका में टैरिफ पर कोर्ट से आए निर्णय और उस पर ट्रंप के फैसले के बाद उपजी स्थिति में फिलहाल शहर की एक्सपोर्ट युनिट में प्रोडक्शन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। निर्यातकों का कहना है कि फिलहाल मौजूदा स्थिति में ऑर्डर पर कोई सूचना खरीदारों की ओर से नहीं आई है। हालिया स्थिति से अब यदि वैश्विक बाजार में टैरिफ में भविष्य में कोई बड़ा उलट फेर होता है तो प्रोडक्शन पर असर से नकारा नहीं जा सकता।

**निर्यातक देख रहे संभावनाएं**

- मौजूदा स्थितियों में शहर के निर्यातक वैश्वक टैरिफ के अंतिम आदेश तक इंतजार की स्थिति में बने हुए हैं। उनका मानना है कि यदि कुछ देशों में नए टैरिफ से बड़ा हेरफेर होता है तो उसका लाभ कम टैरिफ वाले देशों को हो सकता है। इस स्थिति में भारत और शहर के पारंपरिक निर्यातकों को लाभ संभव हो सकता है।

शहर से अमेरिका को लगभग 25 सौ करोड़ रुपये का निर्यात होता है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद यह कारोबार घटकर लगभग 30 से 40 फीसदी तक पहुंच गया था। इसके बाद ट्रेड डील होने से पुराने रुके हुए ऑर्डर दोबारा रिकवर हो रहे थे। माना जा रहा है कि 20 फीसदी ऑर्डर पर खरीदार और निर्यातकों के बीच सहमति भी बन गई थी। इस पर नए विवाद के उठने के बाद अब दोबारा पुराने ऑर्डर पर बातचीत मध्यम हो गई है।

विदेशी खरीदार और निर्यातक दोनो ही वैश्विक बाजार की स्थिति साफ होने के बाद अब हल निकालने की बात कर रहे हैं। फिलहाल कारोबार रुका हुआ है। माना जा रहा है कि मार्च के पहले सप्ताह से पुराने ऑर्डर पर दोबारा बातचीत शुरू हो सकेगी।

निर्यात कारोबार पर नई स्थिति पनपने पर फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑग्रनाईजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि टैरिफ पर नई वैश्विक स्थिति बनने पर ऐसे निर्यातक सबसे अधिक परेशान है जो आयात और निर्यात दोनो से ही जुड़े हुए हैं। उन्हें वैश्विक टैरिफ के आधार पर अब आगे बात करनी होगी। नए हालातों पर फिलहाल निर्यातकों के सामने स्थिति साफ नहीं हैं। ऐसे में एक या दो सप्ताह उन्हें इंतजार करना होगा।

# आज बूथ डेः नगर के 3770 बूथों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक मतदाता बनने का मौका

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 22 फरवरी को बूथ डे मनाया जाएगा, जिसमें नगर के सभी 3770 बूथों पर बीएलओ प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक मौजूद रहेंगे। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6 भरना होगा जबकि संशोधन के लिए फार्म 8 भरना पड़ेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जनवरी में बूथ डे आयोजित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ पर 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची उपलब्ध रहेगी। बीएलओ के पासनया नाम जोड़ने हेतु फॉर्म 6, 6A (विदेश में निवासरत भारतीय मतदाता), 7 (नाम विलोपन) और 8 (संशोधन) मिलेंगे। सभी मतदान केंद्रों पर हेल्प डेस्क भी स्थापित की जाएगी, जहां नागरिकों को फार्म भरने में सहायता दी जाएगी। जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। नाम, पता, फोटो या अन्य प्रविष्टि में त्रुटि होने पर फॉर्म-8 से संशोधन कराया जा सकता है।

## बोगस फर्मों को चिह्नित करने के बाद उनके लाइसेंस निरस्त करेगा ड्रग विभाग

# कोडीन सिरप मामले में 3500 थोक दुकानों की होगी जांच

**तैयारी**

- नशे के रूप में इस्तेमाल होने के लिए कफ सिरफ की खेप पकड़े जाने के बाद जागा विभाग
- थोक दुकानों में रिकॉर्ड के सत्यापन और स्टॉक की बारीकी से जांच होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अवैध व घटिया दवाओं की बिक्री पर लगेगी रोक**

- 3500 थोक दुकानों पर निरीक्षण कर जांच से कानपुर में और आसपास के जिलों में सप्लाई की जाने वाली अवैध व घटिया दवाओं की बिक्री पर रोक लगेगी। ड्रग इंस्पेक्टर ओम पाल के मुताबिक थोक विक्रेताओं के यहां अचानक छापेमारी से बिना बिल या बिना लाइसेंस बिकने वाली दवाओं पर अंकुश लगेगा। स्टॉक की जांच से घटिया दवाओं की बिक्री बंद होगी है। इसमे दोषी विक्रेताओं पर कठोर कानूनी कार्रवाई (10 साल की कैद या आजीवन कारावास) का प्रावधान है। वहीं, आधुनिक जांच के साथ, दवाओं की पैकेजिंग पर कोड व बारकोड के सत्यापन से नकली दवा उत्पादकों की पहचान करना आसान हो जाता है। फिलहाल विभाग को जिले में बड़े पैमाने पर कागजों में दुकानें चलने की आशंका है। सत्यापन से इन दुकानों की पोल खुलेगी।

**अमृत विचार।** कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध वितरण और दुरुपयोग को रोकने के लिए ड्रग विभाग ने पूरी तैयार कर ली है। विभाग अब 3500 से अधिक थोक दवा विक्रेताओं की गहन जांच करने जा रहा है। यह कार्रवाई नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाले सिरप की खेप पकड़े जाने के बाद विभाग द्वारा शुरू की जा रही है, जिसमें रिकॉर्ड का सत्यापन और स्टॉक की जांच आदि शामिल है। जांच में सामने आने वाली बोगस फर्मों को चिन्हित कर उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। ताकि नशे का कारोबार बंद हो और लोग नशे की गिरफ्त में न आए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार और नशे के रूप में इसके दुरुपयोग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इस वजह से शहर में अब तक कफ सिरप के मामले में कई मेडिकल स्टोरों और संचालकों व पार्टनरों पर ड्रग विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है, कुछ लोगों पर मुकदमे भी चल रहे हैं।

इसी बीच ड्रग विभाग की टीम ने कोडीनयुक्त कफ सिरप मामले में अब 3500 थोक दवा विक्रेताओं की दुकानों की जांच की योजना बनाई है। इनमें बोगस फर्मों को चिन्हित कर उनके लाइसेंस तक निरस्त किए जाएंगे। ड्रग इंस्पेक्टर ओम पाल के मुताबिक थोक दवा विक्रेताओं की दुकानों की जांच का मुख्य उद्देश्य दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, नकली व अवैध दवाओं की बिक्री रोकना है। साथ ही उचित भंडारण की पुष्टि करना और लाइसेंस नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। यह जांच एफएसडीए द्वारा की जाती है, जिसका उद्देश्य जन स्वास्थ्य की सुरक्षा और कोडीन युक्त सिरप जैसी दवाओं के दुरुपयोग को रोकना है।

जांच में ये देखा जाएगा कि दवा की दुकान पंजीकृत पते पर ही संचालित हो रही है या नहीं और लाइसेंस वैध है या नहीं। दवाएं सही तापमान पर स्टोर की गई हैं या नहीं, क्योंकि गलत भंडारण से दवाएं बेअसर हो सकती हैं। इसका काफी ख्याल रखना पड़ता है। वहीं, यह भी देखा जाएगा कि दवाओं का अलग से गोदाम है तो उसका लाइसेंस है या नहीं। दवाओं के खरीद व बिक्री के रिकॉर्ड की गहन जांच टीम द्वारा की जाएगी। दुकान पर योग्य फार्मासिस्ट की मौजूदगी नहीं मिलने पर संबंधित दुकानों पर कार्यवाही की जाएगी।

# अब बिना पैर या हाथ काटे कैंसर ग्रस्त हड्डी व ट्यूमर हटाना संभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हड्डी के कैंसर में लिम्ब सेल्वेज सर्जरी या अंग बचाव सर्जरी एक उन्नत आधुनिक प्रक्रिया है, जो कैंसर ग्रस्त हड्डी या ट्यूमर को हटाने में काफी कारगर है। इस विधि से पैर या हाथ का विच्छेदन भी नहीं करना पड़ता है, सिर्फ ट्यूमर वाले हिस्से को ही हटाया जाता है। इस सर्जरी में प्रभावित हड्डी को धातु के प्रोस्थेसिस (कृत्रिम अंग) या हड्डी के ग्राफ्ट से बदल दिया जाता है। ताकि अंग की कार्यक्षमता बची रहे। यह मुख्य रूप से ऑस्टियोसार्कोमा और इविंग सार्कोमा में उपयोग की जाती है। यह जानकारी पारस हास्पिटल के वरिष्ठ सर्जन डॉ.जगलदीप एस विर्क ने दी।

परेड स्थित आईएमए सभागार में शनिवार को सीएमई कार्यक्रम हुआ, जिसमें पारस हॉस्पिटल में ऑनकोलॉजी लिंब साल्वेज एंड ज्वाइन रिप्लेसमेंट सर्जन व सीनियर कंसल्टेंट डॉ.जगनदीप एस विर्क ने लिंब साल्वेज इन बॉन ट्यूमर्स एंड बॉन कैंसर विषय पर जानकारी दी। बताया कि उद्देश्य कैंसर को पूरी तरह खत्म करना और मरीज के हाथ या पैर को कटने से बचाकर उसे कार्यात्मक बनाए रखना है। यह विधि अंग विच्छेदन के बिना धातु के इम्प्लांट या बोन ग्राफ्ट के जरिए अंग के कार्य और आकार को संरक्षित करती है। यह मुख्य रूप से ऑस्टियोसारकोमा जैसे अस्थि सारकोमा के लिए की जाती है। इसमें ट्यूमर और उसके आसपास की स्वस्थ हड्डी व ऊतक को हटाया जाता हैं और उस जगह पर धातु का प्रत्यारोपण (प्रोस्थेसिस) या शरीर के अन्य हिस्से से ली गई हड्डी (ग्राफ्ट) लगाते हैं। यह विशेष रूप से हाथ और पैर (जांघ, टिबिया, ह्यूमरस) के ट्यूमर के लिए किया जाता है। सर्जरी से पहले या बाद में कीमोथेरेपी या रेडिएशन की आवश्यकता हो सकती है। वहीं, इसमें अस्पताल में करीब दो सप्ताह तक रहना पड़ता है। बताया कि यदि कैंसर हड्डियों या कोमल ऊतकों तक सीमित है, तो यह सर्जरी अंग विच्छेदन का एक बेहतर विकल्प है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करती है। इस दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, डॉ. कुश पाठक, डॉ. अरुण प्रकाश द्विवेदी, पूर्व सचिव डॉ. विकास मिश्रा, सचिव डॉ.शालिनी मोहन, कार्यक्रम के चेयरपर्सन डॉ. एएस प्रसाद आदि मौजूद रहे।



आईएमए सभागार में आयोजित सीएमई प्रोग्राम में शामिल डॉक्टर्स।

**रोबोटिक सर्जरी से टूटी हड्डी हटाना आसान**

- पारस हॉस्पिटल में रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एंड स्पोर्ट्स इंजरी स्पेशलिस्ट व डिपार्टमेंट ऑफ आर्थोपेडिक्स में एसोसिएट डायरेक्टर डॉ.आदित्य नरूला ने आर्थोपेडिक सुपर स्पेशलिटी सेंटर द ड्रीम द विजन विषय पर जानकारी दी। बताया कि रोबोटिक सिस्टम क्षतिग्रस्त हड्डी और उपास्थि को बहुत सटीक रूप से हटाते हैं, जिससे स्वस्थ हड्डियों और कोमल ऊतकों का संरक्षण होता है। छोटे चीरों के कारण मरीज जल्द ठीक होते हैं और कम समय तक अस्पताल में रहते हैं और कम खून बहता है। सटीक प्लेसमेंट के कारण, कृत्रिम जोड़ अधिक प्राकृतिक महसूस होता है, दर्द कम होता है और इम्प्लांट की उम्र बढ़ती है। स्पोर्ट्स इंजरी में भी यह काफी फायदेमंद है।

# स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ समाज का सपना करेंगे साकार

**कानपुर।** सीसामऊ श्री ठाकुर राधा किशन जी महाराज विराजमान मंदिर में आरोग्य भारती, कानपुर प्रांत के नए कार्यालय भवन का उदघाटन आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव व भारत सरकार आयुष मंत्रालय के सलाहकार डॉ.अशोक कुमार वाष्र्णेय ने किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम व स्वस्थ राष्ट्र की संकल्पना को साकार करना है।

आरोग्य भारती के पूर्वी उप्र क्षेत्र के संयोजक संग्राम सिंह ने स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने व सन्तुलित आहार लेने की सलाह दी। विभाग संघचालक डॉ. श्यामबाबू गुप्त ने कहा कि स्वस्थ व शिक्षित नागरिक ही स्वस्थ व समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करते हैं। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के सरवराकार नीरज दीक्षित, आरोग्य भारती, कानपुर प्रांत के अध्यक्ष डॉ. वीएन आचार्य, क्षेत्रीय परिषद गोविंद शुक्ल, हरसहाय डिग्री कालेज के उप प्रधानाचार्य सुशील श्रीवास्ताव, प्रेम अरोड़ा, डॉ. अंगद सिंह रहे।

# ग्रीनको लेदर क्लस्टर में पूरा सहयोग करेगा सीआईआई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में ग्रीनको लेदर क्लस्टर विकसित होने की तमाम संभावनाएं हैं। इसके लिए सीआईआई पूरा सहयोग करेगा। यह सहयोग ग्रीन बिजनेस सेंटर के जरिए होगा।

यह कहना है सीआईआई उत्तरी क्षेत्र के उपाध्यक्ष पुनीत कौरा का। शनिवार को पदाधिकारियों ने वार्ता के दौरान बताया कि कानपुर क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने एवं व्यवसायिक पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए उद्योग संगठन की रणनीतिक प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। उन्होने कहा कि कानपुर लंबे समय से लेदर व एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में जाना जाता रहा है। वैश्विक बाज़ारों में स्थिरता, ट्रेसबिलिटी एवं ईएसजी अनुपालन की बढ़ती मांग को देखते हुए यह आवश्यक है कि उद्योग समय से आगे रहते हुए स्वयं को अनुकूलित करें। ग्रीनको लेदर क्लस्टर के तहत मिलकर कार्य करते हुए कानपुर का लेदर क्षेत्र न केवल अपने पर्यावरणीय प्रदर्शन को सुदृढ़ कर सकेगा, बल्कि निर्यात प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ाते हुए वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में अपनी नेतृत्वकारी स्थिति को और मजबूत कर सकेगा। कानपुर जोन के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि कानपुर हमेशा उद्यमशीलता एवं औद्योगिक सशक्तता से प्रेरित शहर रहा है तथा उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।




सीआईआई के पदाधिकारियों ने अपार संभावनाएं जताईं। अमृत विचार

# पुलिस लाइन के निर्माणाधीन आवासों में पार्किंग नहीं बनाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को पुलिस लाइन में पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों के लिए निर्माणाधीन आवासीय परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामने आया कि परियोजना में पार्किंग व्यवस्था शामिल नहीं है, इस पर जिलाधिकारी ने पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

डीएम ने 32.09 करोड़ की लागत से टाइप-5 के 8, टाइप-4 के 40 फ्लैट का चल रहा निर्माण कार्य देखा। परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिए कि आवासों में रहने वाले अधिकारियों की संख्या को देखते हुए पार्किंग की व्यवस्था का प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) सत्यजीत गुप्ता, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अनूप मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी रहे। यहां उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड कार्य करा रहा है।



विधायक अजय कपूर के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत।

# अंतिम सांस तक करेंगे जनता की सेवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेरा जीवन जनता की सेवा के लिए समर्पित है। जनता का प्रेम ही मेरी शक्ति व पूंजी है। अपनी अंतिम श्वास तक इसी तरह सेवा करता रहूंगा। आप सबके सुख- दुःख में कंधे से कंधा मिला कर चलूंगा। ये बातें पूर्व विधायक अजय कपूर ने जन्मदिन समारोह में कहीं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधायक अभिजीत सिंह सांगा व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उन्होंने केक काटा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मन मोह लिया। बहन फाउंडेशन की बहनों के साथ उन्होंने ने मंदिर में पूजन अर्चन किया। कॉपेस्टेट शिक्षा सदन दादानगर में बच्चों ने उत्सव मनाया। इस अवसर पर एमएलसी मानवेन्द्र सिंह, दादानगर को ऑपरेटिव एस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर, केसीए के चेयरमैन संजय कपूर, प्रमोद जायसवाल, सुनील बजाज, जगदीश तिवारी, अंबुज शुक्ला, हेमराज सिंह गौर, बल्देवराज मल्होत्रा, विनोद दीक्षित, अरविन्द त्रिवेदी, विपुल त्रिवेदी, शरद त्रिवेदी, पार्षद अनिल यादव, सुधीर यादव रहे।

# डीएम ने पकड़ा बिना लाइसेंस हॉस्पिटल जांच के दिए निर्देश

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह नर्वल तहसील से संपूर्ण समाधान दिवस से वापस आ रहे थे, तभी उनकी नजर एक हॉस्पिटल पर पड़ी तो जिलाधिकारी ने अपना काफिला रुकवा लिया। जिलाधिकारी ने हॉस्पिटल की जांच की तो पता चला कि हॉस्पिटल का पंजीकरण अभी नहीं हुआ है जबकि मेडिकल स्टोर का लाइसेंस था।

शनिवार को जिलाधिकारी को एक हॉस्पिटल के बाहर 24 घंटे आईसीयू, वेंटीलेटर आदि लिखा देखा तो वे रुक गये और हॉस्पिटल के अंदर जाकर देखा तो हॉस्पिटल के संचालक द्वारा बताया गया कि हॉस्पिटल निर्माण की प्रक्रिया में है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी का कहना है कि हॉस्पिटल का पंजीकरण नहीं है तो हॉस्पिटल के बाहर बैनर कैसे लग सकता है।

**नल** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक की

# हर बूथ पर 200 नए युवाओं को बनाएं मतदाता : धर्मपाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रवासी पदाधिकारी अपने अपने जिलों में अभियान की मानीटरिंग करें
- 6 मार्च तक नव मतदाता अभियान को घर-घर तक पहुंचाने में जुट जाएं

**अमृत विचार।** विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान का द्वितीय चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी जिम्मेदार पदाधिकारी 6 मार्च तक नव मतदाता अभियान को घर-घर तक पहुंचाएं। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 ऐसे युवाओं को मतदाता बनाया जाए, जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, ताकि कोई भी पात्र युवा मतदाता बनने से वंचित न रहे। ये बात भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा।

शनिवार को धर्मपाल सिंह ने विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक सक्रियता और सतत संपर्क ही इस अभियान की सफलता की कुंजी है। प्रत्येक प्रवासी पदाधिकारी अपने-अपने जिलों एवं विधानसभाओं में प्रवास कर अभियान की मॉनिटरिंग करें और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करें। अभियान की प्रगति की प्रतिदिन रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाएगी। विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के पदाधिकारी मौजूद रहे।

अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने की। बैठक में क्षेत्रीय प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता सहित क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस अभियान को सफल बनाएं। बूथ स्तर की सशक्त भागीदारी से ही लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और अधिकाधिक युवा लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ सकेंगे।




भाजपा प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह को सम्मानित करते भाजपाई। अमृत विचार

**आज मोदी के मन की बात सुनें**

- बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से सुना जाए। कार्यक्रम के उपरांत बूथों पर भ्रमण कर नव मतदाता अभियान को और गति प्रदान की जाए। बैठक में अभियान की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के निर्धारण तथा प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू, पूनम द्विवेदी, पवन प्रताप सिंह, अनिल दीक्षित, शिवराम सिंह, उपेंद्र पासवान, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, वीरेंद्र तिवारी, विधानसभा प्रवासी, संयोजक, जिला संयोजक गण आदि रहे मौजूद।

## सिटी ब्रीफ

### 23 से प्रशिक्षण शुरू

**कानपुर।** सीएसए विवि के पादप रोग विज्ञान विभाग में छह दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण 23 से शुरू होगा। 28 फरवरी तक चलने वाले प्रशिक्षण के बारे में विभागाध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशिक्षण में किसान, विद्यार्थी, उद्यमी कोई भी प्रतिभाग कर कर सकता है। प्रशिक्षण प्राप्त के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के लिए एक स्वयं का फोटो, आधार लाना अनिवार्य है तथा 1 हजार रुपये का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थी अधिक जानकारी के लिए 9839 81 8899 एवं 9958 51 2669 मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

### श्वेता तिवारी बनी विजेता

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में इंटर कॉलेजिएट ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में पूमसे (व्यक्तिगत) वर्ग में श्वेता तिवारी (सीएसजेएमयू) ने प्रथम, ऋषिका (डीएवी) ने द्वितीय, दुर्गा त्रिवेदी (बीएनडी) ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह शालिनी गुप्ता (डीजीपीजी) ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। टीम पूमसे में सीएसजेएमयू की श्रृष्टि वर्मा, श्वेता तिवारी एवं सानिया गौतम की टीम ने प्रथम स्थान अर्जित किया, जबकि दुर्गा त्रिवेदी (बीएनडी), दिव्या मौर्य (डीएवी) एवं रिया सुदर्शन (बीएनडी) की टीम द्वितीय रही। क्योरुगी के अंडर 46 किग्रा वर्ग में प्रभा सिंह प्रथम एवं पायल द्वितीय रहीं। अंडर 49 किग्रा वर्ग में सानिया गौतम प्रथम एवं अर्चिता बिरहा द्वितीय रहीं। अंडर 53 किग्रा वर्ग में शिमरन कनौजिया प्रथम एवं ऋषिका द्वितीय स्थान पर रहीं। समग्र प्रदर्शन के आधार पर सीएसजेएमयू को ओवरऑल चैंपियन तथा श्री बाबू सिंह महाविद्यालय को रनर-अप घोषित किया गया।

### आजाद हॉउस बना विजेता

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा नवनिर्मित एकलव्य स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के अंतर्गत थ्रो-बॉल इंट्राम्यूरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का की शुरुआत मुख्य अतिथि क्रीड़ा सचिव डॉ निमिषा सिंह कुशवाहा एवं विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार यादव ने किया। प्रतियोगिता शारीरिक शिक्षा विभाग के चार हॉउस के मध्य खेली गई। जिसमें लगभग 119 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में आजाद हॉउस विजेता बना।

### 1143 युवाओं की मेहनत रंग लाई

**कानपुर।** सेवायोजन कार्यालय की ओर से शनिवार को रोजगार मेला आयोजित किया गया। डीबीएस कॉलेज गोविंद नगर में हुए रोजगार मेले में 1143 युवाओं की मेहनत रंग लाई। इस दौरान मेले में युवाओं को 40 हजार रुपये तक का रोजगार हासिल हुआ। 93 युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मेले की शुरुआत विशिष्ट अतिथि गौरवेन्दु स्वरूप (सचिव, डीबीएस कॉलेज) और अनंता स्वरूप (संयुक्त सचिव, डीबीएस कॉलेज) ने किया। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त सचिव अनंता स्वरूप ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने कौशल को निखारने के लिए प्रेरित किया। वहीं सहायक निदेशक (सेवायोजन) उज्जवल कुमार सिंह ने सरकार के सेवायोजन पोर्टल की उपयोगिता और आउटसोर्सिंग भर्ती प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकारी प्रयासों और कॉलेजों के सहयोग से लगने वाले ये मेले युवाओं को एक ही छत के नीचे करियर के बड़े अवसर प्रदान कर रहे हैं।

# इस बार होली की छुट्टी में दुबई की सैर करेंगे कनपुरिये

- गंगा मेला की छुट्टियों का लुत्फ उठाने के लिए बुक हुए दुबई के टूर पैकेज
- सर्दी की अपेक्षा अब टूर पैकेज सस्ते होने पर शहरियों ने दिखाई दिलचस्पी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर इस बार शहरवासी छुट्टियों में दुबई जाने के पैकेज बुक करा रहे हैं। इनमें ज्यादातर वे लोग हैं जो सर्दियों में महंगे टूर पैकेज की वजह से दुबई नहीं जा पाए। शहर के ज्यादातर लोगों ने छह दिन के लखनऊ से दुबई तक के पैकेज बुक कराए हैं।

होली पर शहर में छह दिनों की छुट्टियों में विदेश तक की यात्राओं में जा रहे हैं। इनमें दुबई के लिए सबसे अधिक रुझान है। विदेश यात्राओं में जाने वाले लोगों ने अपने पैकेज एक या दो महीने पहले ही बुक करा लिए थे। यात्रा विशेषज्ञों ने बताया कि दुबई में 15 अप्रैल के बाद गर्मी होती है। सर्दियों में वहां पर सीजन होता है इस वजह से टूर पैकेज महंगे होते हैं। इस स्थिति में यह सीजन वहां पर कम रेट पर पैकेज बुक करा घूमने का है। फिलहाल पूर्व में वहां के सीजन के मुकाबले टूर पैकेज में 30 फीसदी कमी दर्ज हुई है। अवध टूर एंड ट्रेवल्स के एमडी शारिक अल्वी ने बताया कि होली में शहर के बाहर विदेश जाने वाले ज्यादातर हाई प्रोफाइल लोग रहते हैं। इस बार उच्च मध्यम व मध्यम श्रेणी के परिवारों ने भी टिकट बुक कराएं हैं। इस बार एक खास रुझान देखने को भी मिला है। लोग सिंगापुर व मलेशिया के बजाय दुबई को दोबारा प्रथमिकता देने लगे हैं।

### एडवेंचर गेम भी सस्ते

दुबई घूमने वालों ने इस बार वहां पर बुर्ज खलीफा के साथ ही अपने पैकेज में एडवेंचर गेम को भी प्राथमिकताओं में जुड़वा रहे हैं। इसकी वजह विशेषज्ञ दुबई पर्यटन की ओर से एडवेंचर गेम के प्रमोशन को भी मान रहे हैं। उनका कहना है कि परिवार संग जाने वाले लोग इन एडवेंचर गेम और बुर्ज खलीफा के पास रील व फोटो के जरिए अपनी यादों में ताजा रखना चाहते हैं।

### टिकट बुकिंग में हुई कमी

शहर में होली की बाजार बंदी के बीच इस बार रमजान व मसीह समाज के रोजे भी पड़ रहे हैं। इस स्थिति में विदेश में टूर पैकेज बुक कराने वालो की कमी दर्ज हुई है। यात्रा विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि यदि पिछले कुछ सालों की तुलना की जाए तो इस बार इस वजह से लगभग 10 फीसदी कारोबार में असर पड़ा है।

## मंगलवार से शुरू होंगे होलाष्टक, 8 दिन रहेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली से 8 दिन पहले होलाष्टक की शुरुआत होती है। इस बार होलाष्टक 24 फरवरी से शुरू हो रहे हैं। अष्टमी तिथि की शुरुआत सुबह 7 बजकर 1 मिनट पर हो रही है। यह होलाष्टक होलिका दहन के साथ समाप्त होगा।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस समय विशेष रूप से विवाह, यज्ञोपवीत, नए निर्माण व नए कार्यों को आरंभ नहीं करना चाहिए। ऐसा ज्योतिष शास्त्र का कथन है। इन दिनों में किए गए कार्यों से कष्ट, अनेक पीड़ाओं की आशंका रहती है तथा विवाह आदि संबंध विच्छेद और कलह का शिकार हो जाते हैं या फिर अकाल मृत्यु का खतरा या बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है। होलाष्टक शब्द होली और अष्टक दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसका भावार्थ होता है होली के आठ दिन। होलाष्टक फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी से शुरू होकर फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तक रहता है। अष्टमी तिथि से शुरू होने कारण भी इसे होलाष्टक कहा जाता है।



- अष्टमी तिथि की शुरुआत सुबह 7 बजकर 1 मिनट पर हो रही

### उग्र होते हैं ग्रह, शुभ फलदायी नहीं

ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि होलाष्टक के दौरान सभी ग्रह उग्र स्वभाव में रहते हैं, जिसके कारण शुभ कार्यों का अच्छा फल नहीं मिल पाता है। होलाष्टक प्रारंभ होते ही होलिका दहन वाले स्थान की गोबर, गंगाजल आदि से लिपाई की जाती थी। वहां पर होलिका का डंडा लगा दिया जाता था, जिनमें एक को होलिका और दूसरे को प्रह्लाद माना जाता है | होलाष्टक के दौरान अष्टमी को चंद्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल और पूर्णिमा को राहू उग्र स्वभाव में रहते हैं।

## महामंडलेश्वर का शहर आगमन



महामंडलेश्वर स्वामी आशुतोष नाथ।

**कानपुर।** अनंत श्री विभूषित महामण्डलेश्वर स्वामी आशुतोष नाथ महाराज का हरिद्वार में पट्टाभिषक होने के बाद 22 फ़रवरी को शहर आगमन हो रहा है। पहली बार आगमन पर श्री शारदा शक्तिपीठ दरबार केशवनगर में स्वागत समारोह आयोजित हो रहा है। स्वागत रूट रामा मेडिकल, मंधना, कल्याणपुर, पनकी मंदिर, विजय नगर, फजलगंज चौराहा, बिरहानारोड, कालीमंदिर, निराला नगर, दीप तिराहा, साकेतनगर होते हुए केशवनगर, मदर टेरेसा स्कूल के पास स्थित श्री शारदा सिद्ध शक्ति दरबार तक है।

# सीएसजेएमयू की परीक्षाओं में लागू होगा एआई मॉडल

## विश्वविद्यालय में परीक्षा समिति की बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

- एआई मॉडल लागू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय होगा सीएसजेएमयू
- पेपर सेटिंग, परीक्षा मॉनीटरिंग और कॉपियों के मूल्यांकन में किया जाएगा प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में शनिवार को परीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में परीक्षा प्रबंधन एवं मूल्यांकन संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। सेंटर फॉर एकेडमिक भवन में हुई बैठक में तय किया गया कि विश्वविद्यालय परीक्षाओं में एआई मॉडल लागू किया जाएगा। ऐसा करने वाला सीएसजेएमयू पूरे प्रदेश में पहला विश्वविद्यालय होगा।

विश्वविद्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने की। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किए जाने वाले आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) मॉडल को पेपर सेटिंग, परीक्षा कॉपियों के मूल्यांकन, परीक्षा की मॉनीटरिंग, स्टूडेंट सर्विसेज में प्रयोग में लाया जाएगा। यह प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय होगा, जो इस प्रकार के सभी कामों में एआई मॉडल प्रयोग में लाएगा।

इसके अलावा बैठक में लिए गए निर्णयों में विश्वविद्यालय परीक्षा प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को चरणबद्ध रूप से लागू किये जाने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से एआई के उपयोग से प्रश्न-पत्र निर्माण एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने में, वस्तुनिष्ठ (एमसीक्यू) परीक्षाओं में सटीक व मूल्यांकन, लिखित उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में विश्लेषणात्मक सहायता, परिणाम विश्लेषण एवं शैक्षणिक सुधार हेतु डेटा प्रबंधन किया जायेगा। इसके साथ ही एआई से परीक्षा प्रशासन एवं छात्र सहायता प्रकोष्ठ को अधिक सक्षम एवं तकनीकी रूप से उन्नत बनाया जायेगा।

### बैठक में ये अधिकारी हुए शामिल

बैठक में प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, प्रतिकुलपति, प्रो अंशू यादव, संकायाध्यक्ष बिजनेस मैनेजमेन्ट, प्रो आरती सक्सेना, एएनडीएनएनएम कॉलेज, प्रो आरके द्विवेदी, निदेशक, सीडीसी, प्रो रोली शर्मा, आचार्य, स्कूल ऑफ लाइफ साइंस, प्रो वर्षा गुप्ता, निदेशक एसएलएसबीटी, प्रो बृष्टि मित्रा, डीन एकेडेमिक, प्रो महेन्द्र सिंह, डॉ विशाल अवस्थी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### एआई से आधुनिक होगी परीक्षा प्रणाली

यह पहल विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली को अधिक आधुनिक, पारदर्शी, विश्वसनीय और छात्र केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एआई आधारित परीक्षा प्रणाली लागू होने से परीक्षा परिणाम अधिक सुव्यवस्थित, त्रुटिरहित एवं शीघ्र घोषित होने में मदद मिलेगी। बताया गया कि एआई के प्रयोग से मानवीय त्रुटियों में कमी आयेगी। इससे परीक्षा परिणामों की विश्वसनीयता एवं शैक्षणिक साख में वृद्धि होगी। परीक्षा अनुभाग एवं शिक्षकों पर कार्यों का भार कम होगा और तकनीकी प्रयोग से कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। वर्तमान में विश्वविद्यालय में फेसलेस प्रणाली पूर्व से संचालित है, जिसके अंतर्गत नाम संशोधन, अंकपत्र एवं डिग्री सत्यापन, डुप्लीकेट मार्कशीट, डिग्री निर्गमन, माइग्रेशन प्रमाणपत्र तथा अन्य सेवायें ऑनलाइन माध्यम से प्रदान की जा रही हैं।

## बच्ची को बोरे में भर कर भागी महिला

**कल्याणपुर।** पनकी में घर के बाहर खेल रही मासूम को ट्रॉफी का लालच देकर एक महिला बोरे में बंद कर उसे ले भागी। बोरे से बच्चे के रोने की आवाज सुन दौड़े लोगों ने महिला को पकड़ कर उसकी धुनाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस महिला को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

पनकी के गंगागंज कच्ची बस्ती में रहने वाले मनीष यादव ई रिक्शा चालक हैं। परिवार में पत्नी पूजा व चार वर्षीय बेटी सेजल है। शनिवार देर शाम सेजल घर के बाहर खेल रही थी। तभी वहां पहुंची महिला उसे टॉफी का लालच देकर कुछ दूर अपने साथ ले गई, जहां मौका पाकर महिला उसे बोरे में भर कर ले जाने लगी। इधर बोरे से बच्ची के रोने की आवाज सुन जब राहगीरों ने महिला को रोकने का प्रयास किया, तो वह भागने लगी। जिस पर लोगों ने दौड़ा कर उसे करीब 200 मीटर दूर पकड़ बोरे में बंद बच्ची को बाहर निकाल लिया। जिसके बाद गुस्साए लोगों ने महिला की जमकर धुनाई करने के बाद उसे मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में महिला ने अपनी पहचान गोंडा के आर्यनगर निवासी सफी अहमद की पत्नी कुनका बताई है। जो वर्तमान में कला का पुरवा गांव में रह रही है।

## सिटी डायरी



पूर्व विधायक अजय कपूर के साथ समाचार पत्र विक्रेता। अमृत विचार

### समाचार पत्र विक्रेताओं ने मनाया जन्मदिन

**कानपुर।** समाचार पत्र विक्रेता संयुक्त मोर्चा के सभी साथियों ने पूर्व विधायक अजय कपूर का जन्मदिन उत्सव मनाया। इस अवसर पर इस मौके पर संयोजक रमेश बाजपेई, अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, बुल्ला यादव, राजेश शुक्ला, राकेश सक्सेना, वीरेंद्र यादव, प्रदीप तिवारी व भरत मिश्रा आदि रहे।

### छात्रवृत्ति की संशोधित समय-सारिणी जारी

**कानपुर।** दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वंचित वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए संशोधित समय सारिणी जारी की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवम सागर ने बताया कि विश्वविद्यालयों एवं संबद्ध एजेंसियों द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन तथा अपात्र छात्रों, पाठ्यक्रमों और संस्थाओं को 21 फरवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक चिन्हित कर ब्लॉक किया जाएगा। इसके पश्चात जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा 21 फरवरी 2026 से 1 मार्च 2026 तक संदिग्ध एवं शेष शुद्ध डाटा पर निर्णय लेते हुए विभागीय अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से डाटा लॉक किया जाएगा।

### जेडी एजुकेशन सेंटर में आज लगेगी प्रदर्शनी

**कानपुर।** जेडी एजुकेशन सेंटर में रविवार को एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में अर्रा रेड नौबस्ता स्थित विद्यालय परिसर में लगने वाली इस प्रदर्शन में विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक मॉडल का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा छात्रों की ओर से कई शिक्षा संबंधी प्रोजेक्ट भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इस दौरान छात्र अपने रचनात्मक विचारों से भी लोगों का रुबरु कराएंगे। यह प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी।



शनिवार को तिलक हाल में बैठक करते कांग्रेस पदाधिकारी।

### राहुल का पुतला फूंकने वालों को जवाब देंगे कांग्रेसी

**कानपुर।** नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन करने वाले भाजपाइयों पर पुलिस मुकदमा दर्ज करे। यदि पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेसी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन करेंगे। शनिवार को तिलक हाल में हुई बैठक की अध्यक्ष करते हुए महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि राहुल का पुतला जलाने वालों पर पुलिस एफआईआर दर्ज करे। यदि मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो कानपुर महानगर कांग्रेस भी पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी का पुतला दहन करेगी। विरोध प्रदर्शन सब का अधिकार है। यूथ कांग्रेस ने देश के किसानों, छोटे व्यापारियों और मजदूरों के हित में प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण बिंदु को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अधिकार और दायित्व सत्ता और विपक्ष के लिए बराबर होते हैं। कांग्रेसजन कोई आंदोलन या पुतला दहन करते हैं तो तत्काल मुकदमा दर्ज होता है तो अब कानपुर की पुलिस को ऐसे अराजक तत्वों पर मुकदमा दर्ज कर निष्पक्षता और संविधान के रक्षक होने का सबूत देना चाहिए। हरप्रकाश अग्निहोत्री, राजेश गौतम, चंद्रमणि मिश्रा, इकबाल अहमद, शंकर दत्त मिश्रा, अजय श्रीवास्तव शीलू, विनोद अवस्थी, प्रदीप द्विवेदी, संजय त्रिवेदी, बबलू मोहम्मद, मोहम्मद अकबर आदि थे।



ग्लोबस हॉस्पिटल के कार्यक्रम में भाग लेते चेरपर्सन और डॉक्टर। अमृत विचार

### ग्लोबस हॉस्पिटल ने हड्डी के इलाज की तय की नई दिशा

**कानपुर।** काकादेव स्थित ग्लोबस हॉस्पिटल के 30 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम हुआ। ग्लोबस हॉस्पिटल की चेयरपर्सन डॉ. मीनू सिंह ने कहा कि व्यापक अध्ययन और अनुसंधान के आधार पर ही रोमन फार्मा, ग्लोबस एचबीओटी, ग्लोबस हॉस्पिटल में वैज्ञानिक व आधुनिक संसाधनों और उन्नत तकनीकों के उपयोग को प्राथमिकता दी है। यही परिणाम है कि इस वजह से 30 वर्ष सफलता से पूरे हुए और नई तकनीकों का लाभ मरीजों को मिल रहा है। वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. आरके सिंह के मुताबिक बताया कि 1987 में हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी, 1993-94 में स्पाइन सर्जरी, 1997 में नी रिप्लेसमेंट सर्जरी, सन् 2000 में स्टेमसेल सर्जरी, 2002 में जीरो-एरर नी रिप्लेसमेंट, 2016 में नेविगेशन सर्जरी व 2022 से रोबोटिक सर्जरीओटी की सुविधा दी जा रही है। 2024 में एडवांस और फुली ऑटोमैटिक रोबोटिक सर्जरी शुरू की गई। डॉ मीनू सिंह का सहयोग इस संस्थान की शक्ति प्रदान कर रहा है। हॉस्पिटल में जरूरी जांचों के साथ ही घुटना प्रत्यारोपण (टोटल नी रिप्लेसमेंट) व जीरो एरर रोबोटिक टोटल नी ट्रांसप्लांट की अत्याधुनिक सुविधा है।

## भाजयुमो ने राहुल का पुतला फूंका

**कानपुर।** भारत मंडपम में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा एआई समिट में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ किए गए प्रदर्शन के विरोध में भाजपा व भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा दक्षिण युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंकित गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने किदवई नगर चौराहे पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रमुख रूप से अविनाश राजपूत, गोविन्द सोनकर, अक्षत मिश्रा, शिवम सोनकर, गोपाल तिवारी, डीडी गुप्ता, रजत मिश्रा, शिवम मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# निर्माणी प्रबंधन व प्रशासन से भिड़े सम्राट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अर्मापुर स्थित आयुध निर्माणी में कार्यरत तकनीकी अस्थाई कर्मचारियों के हक की लड़ाई के लिए निर्माणी प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन से सपा नेता सम्राट विकास ने मुलाकात की। कर्मचारियों ने आयुध निर्माणी में मैनपॉवर कंपनियां और निर्माणी के अधिकारियों के मिली भगत से घोटाला किया जा रहा है और कर्मचारियों का हक मारे जाने की जानकारी दी।

यह सुनकर निर्माणी प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन ने कर्मियों को शांत कराने का प्रयास किया तो मौके पर सम्राट विकास उनसे भिड़ गए। कहा कि कर्मचारियों के साथ गलत व्यवहार बर्खास्त नहीं किया जाएगा। सपा नेता सम्राट विकास के मुताबिक प्रति तकनीकी कर्मचारी का वेतन सरकार से मिलता है। प्रतिदिन का लगभग 1000 रुपये है, लेकिन कर्मचारियों को 600 रुपये दिया जाता है। गोला बनाने या मशीन चलाते समय यदि किसी कर्मचारी के साथ दुर्घटना होती है जैसे किसी की उंगली कट जाती है तो उनको पट्टी बांधकर वापस भेज दिया जाता है। मुआवजा नहीं दिया जाता है।

कर्मचारियों को सुरक्षा के लिए दिया जाने वाला हैंड ग्लब्स व बूट (जूता) आदि तक सही ढंग से नहीं उपलब्ध कराया जाता है। गेट मैन संजय कुमार पटेल और संजीव द्वारा कर्मचारियों से लगातार अभद्रता, गाली-गलौज व बदसलूकी की जाती है। कहा कि सरकार की गलत नीतियों की वजह से हम योग्य नौजवान साथियों को सरकारी नौकरी तो नहीं दिला सकते हैं, लेकिन उनके हक, अधिकार और सम्मान के लिए लड़ जरूर सकते हैं और अपनी बात प्रमुखता से रख सकते हैं। सपा नेता सम्राट विकास ने बताया कि आयुध निर्माणी प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार कोई गलत व्यवहार नहीं किया जाएगा। उनका कोई हक नहीं मारा जाएगा। उनके साथ गलत व्यवहार करने वाले पर कार्यवाही तय की जाएगी।



कर्मियों की आवाज उठाते सम्राट विकास। अमृत विचार

## गूंजे जयकारे

### दरगाह श्री पीर रतन नाथ जी महाराज पेशावर में हुआ आयोजन

# वाषिकोत्सव में भजन और राम नाम संकीर्तन की धूम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दरगाह श्री पीर रतन नाथ जी महाराज पेशावर वाले हर श्रीनाथ मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान भक्तों ने रामनाम की धुन पर भजन गाए। इस बीच लगे जयकारों से माहौल में उत्साह भर अया। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद भी ग्रहण किया।

तीन दिवसीय अखंड रामायण के समापन पर बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। गोविंद नगर स्थित गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के पास दरगाह श्री पीर रतन नाथ जी महाराज पेशावर वाले हर श्रीनाथ मंदिर में भगवान की आरती भोग हवन भजन कीर्तन के साथ मीरा मंडल की महिलाएं बिहारी जी के भजनों को भी गाया। मंदिर के प्रधान रवि चोपड़ा ने बताया कि यह पवित्र स्थान अफगानिस्तान काबुल पेशावर में भी स्थित है। जहां पर आज भी भगवान की ज्योत जलाई जा रही है। इस पवित्र स्थान में 24 घंटे पिछले 16 वर्षों से हरि नाम और हरे राम संकीर्तन चल रहा है।

आयोजन के दौरान आरोग्यधाम के होम्योपैथिक फिजिशियन डॉ हेमंत मोहन व डॉ आरती मोहन ने 750 से अधिक मरीज को निशुल्क होम्योपैथिक दवाई वितरित की। डॉ हेमंत मोहन व डॉ आरती मोहन ने बताया कि कैंप में 1 सौ से अधिक मरीजों को उच्च रक्तचाप 60 से अधिक मरीजों में डायबिटीज के लक्षण अधिक पाए गए। छोटे बच्चों में कोल्ड डायरिया अस्थमा निमोनिया के साथ दाद खाज खुजली के मरीज भी देखे गए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सचिन आनंद शुक्ला, संजय कपूर, पनकी महामंडलेश्वर जितेंद्र दास जी महाराज, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के अजीत छाबड़ा, सिख सभा के हरविंदर सिंह लार्ड, भाजपा नेता अजय कपूर, आलोक मिश्रारहे।



वार्षिकोत्सव में आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार



पदाधिकारी का सम्मान करते आयोजक। अमृत विचार

## मेला कमेटी-पार्षद में झड़प, फिर गले मिले

**कानपुर।** कानपुर हटिया होली (गंगा मेला) मेला महोत्सव कमेटी द्वारा 10 मार्च को गंगा मेले का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियां चल रही हैं।

शनिवार को मेला महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार विश्नोई, महामंत्री विनय सिंह, संतोष वाजपेई, सुशील कुमार सिंह, आकाश ओमर, आशु खन्ना, अंशुल शर्मा, सनी श्रीवास्तव, रोहित बाजपेयी, विमलेश गुप्ता, कृतिग तिवारी, समीर सिहं, वरुण कपूर, शंशाक सिंह, दीपक निगम व प्रखर महरोत्रा आदि ने बताया कि मेले से पूर्व नगर निगम द्वारा हटिया रज्जन बाबू पार्क व रंगों के ठेले मार्ग में मेन्टीनेंस का काम होता है। शनिवार को कार्य कराया जा रहा था, तभी पार्षद अमित गुप्ता पहुंचे और अपने नाम का पत्थर लगाने को कहा जिस पर कमेटी के पदाधिकारियों और पार्षद में झड़प हो गई।

# डीजी हेल्थ को जिला अस्पताल में मिली गंदगी

## जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण: पुरुष डिप्टी सीएमएस व महिला सीएमएस से जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक शनिवार दोपहर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने दवा वितरण कक्ष, ओपीडी, जन औषधि केंद्र व वार्डो का निरीक्षण किया। गंदगी व अन्य व्यवस्था ठीक न मिलने पर उन्होंने फटकार लगाई। साथ ही निर्देश दिए कि सभी अपनी नहीं शासन की मर्जी के अनुसार कार्य करें।

महानिदेशक डॉ. पवन कुमार ने जिला अस्पताल के दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। जहां सिर्फ दो तरह की एंटीबायोटिक मिलने पर डिप्टी सीएमएस पुरुष डॉ. संजीव कुमार से पूछा कि कितनी तरह की एंटीबायोटिक दवाई उपलब्ध हैं। इस पर उन्हें बताया गया कि चार प्रकार की एंटीबायोटिक उपलब्ध हैं। इस पर वह नाराज हुए और जन औषधि केंद्र में उपलब्ध दवाओं की जानकारी ली। इसके बाद वह महिला अस्पताल के वार्ड में पहुंचे और वहां उन्होंने आयुष्मान वार्ड व जरनल वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से भोजन व दवाओं के मिलने की जानकारी ली। नर्सों को बुलाकर ब्रीफ किया कि मरीजों की सेवा करना पहला धर्म है। कहा कि यही शासन की मर्जी है। इसलिए अपनी मर्जी से कार्य न करे।



चिकित्सकों को दिशा निर्देश देते डीजी हेल्थ डॉ. पवन कुमार। ● अमृत विचार

पुरुष वार्ड के निरीक्षण में कहा कि डिमांड भेजें। अगले बजट में नए बेड उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद वे महिला चिकित्सालय की ओर बढ़े तब महिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ. अरविंद आनंद को महानिदेशक के निरीक्षण का पता चला। जब वे पहुंचे तो उन्हें महानिदेशक ने फटकार लगाई। महिला पैथोलॉजी में उन्होंने जांच के लिए आया पर्चा मांगा तो उसमें लिखी जांचे स्पष्ट नहीं लिखी थी। उन्होंने सीएमएस को निर्देश दिए कि जांच स्पष्ट लिखी जाएं। जिससे किसी मामले के कोर्ट में जाने पर दिक्कत न हो। सफाई व्यवस्था को लेकर वे नाराज दिखे। महानिदेशक ने बताया कि सफाई व्यवस्था खराब मिली है। ठेकेदार को सोमवार को तलब किया गया है। वहीं पुरुष पैथोलॉजी में मरीजों की लंबी कतार देख कहा कि वहां यदि मैन पावर बढ़ाने की जरूरत पड़ी तो किया जाएगा। डिप्टी सीएमएस के ओपीडी में न बैठने के सवाल पर कहा कि ओपीडी करनी होगी। निरीक्षण में प्रभारी सीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद, सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता, एसीएमओ डॉ. जेआर सिंह मौजूद रहे।

# दुल्हन के लाखों रुपये के जेवर लेकर फरार हुए चोर

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग स्थित आजाद नगर में एक गेस्टहाउस में चल रहे शादी समारोह से दुल्हन के लाखों के जेवर चोरी होने से हड़कंप मच गया। जयमाल के बाद जब शादी की अन्य रस्में चल रही थीं तभी अज्ञात चोरों ने दुल्हन के जेवरात से भरे बक्से का ताला तोड़कर कीमती सामान पार कर दिया।

बता दें कि पोनी रोड श्रीनगर निवासी मनोज गुप्ता की बेटी की शादी शुक्रवार रात आजाद नगर के सामने एक गेस्ट हाउस में थी। जयमाल के बाद देररात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर कमरे में रखे जेवरों के बक्से का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी सोने की चेन, पायल, बिछिया, चांदी की नोट व सिक्के, बेसर व कान के झाले चोरी कर लिए। कुछ समय बाद जब परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। तत्काल पीआरवी को सूचना दी गई। सूचना पर गंगाघाट पुलिस पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की है। पीड़ित मनोज गुप्ता ने गंगाघाट पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान का प्रयास चल रहा है। घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएचसी के निरीक्षण में खुली पोल, डॉक्टर मिले नदारद

**सफीपुर, अमृत विचार :** जन औषधि केंद्र के उद्घाटन के बाद विधायक सीधे सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे। इसमें अस्पताल में अव्यवस्था देख उनका पारा चढ़ गया। महिला डॉक्टर व नेत्र सहायक ड्यूटी से गैरहाजिर मिले। विधायक ने अधीक्षक से डॉक्टरों की गैर हाजिरी पर जवाब मांगा तो उन्होंने कुछ चिकित्सकों के जिला मुख्यालय या अन्य ड्यूटी पर होने की बात कही। लेकिन संबंधित अभिलेख मांगने पर कोई प्रमाण नहीं दे सके। अस्पताल में लापरवाही देख विधायक ने वहीं से प्रभारी सीएमओ से फोन पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने सीएमओ से पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई कर बताने को कहा है।

### रोटरी पीस कार रैली आज, शांति व सद्भाव का गूंजेगा संदेश

**उन्नाव, अमृत विचार।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3110 के तत्वावधान में रविवार को रोटरी द्वारा एक पीस कार रैली का आयोजन हो रहा है। इसका उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे व सामाजिक समरसता का संदेश देना है। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रोटेरियन जीएस भदौरिया ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रैली का शुभारंभ सुबह 11 बजे आदर्श नगर से होगा। कहा कि यह रैली केवल वाहनों का काफिला नहीं बल्कि सेवा व शांति के प्रति रोटरी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# 206 करोड़ के बजट को मिली मंजूरी

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** शहर के कायाकल्प व जन सुविधाएं सुदृढ़ करने की दिशा में शनिवार को नगर पालिका परिषद की पांचवीं बोर्ड बैठक हुई। नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शहर के सर्वांगीण विकास के लिए 206 करोड़ के मूल प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई।

बैठक में शहर की बुनियादी समस्याओं जैसे पेयजल, सड़क, जल निकासी, नाली निर्माण के समाधान को प्राथमिकता दी गई। कुल बजट में 45.17 करोड़ विशेष रूप से सड़क निर्माण, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति व स्वच्छता अभियानों के लिए आवंटित किए गए हैं। शहर को आधुनिक व सुंदर बनाने के लिए बोर्ड ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति दी। 55 करोड़ स्मार्ट सिटी, वंदन योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, उपवन योजना व श्वान योजना के लिए। 49.55 करोड़ कर्मचारियों के वेतन, भत्ते व पेंशन जैसे प्रशासनिक कार्यों के लिए रहेंगे। बैठक में शहर के 18 वार्डों के सभासदों ने हिस्सा लिया और अपने क्षेत्र की समस्याओं व विकास कार्यों का खाका पेश किया। बैठक में ईओ संजय गौतम, एई रजपाल, जलकल अभियंता सुधीर कुमार व सफाई निरीक्षक अशोक पाल, किरण लता सोनकर, जय शंकर पांडेय, दिवाकर शुक्ला, दिलीप यादव, सभासद नीलम यादव, यासीन अहम व दीपक दीक्षित आदि मौजूद रहे।

● नगर पालिका की बोर्ड की पांचवीं बैठक में हुए कई अहम निर्णय



नगर पालिका बोर्ड बैठक में अपनी बात रखते सभासद।

# साढ़े 8 करोड़ से बनेगा पालिका का भवन, मिली मंजूरी

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** नगर पालिका गंगाघाट के नवीन कार्यालय भवन निर्माण की योजना अब सक्रिय रूप से अमल में आ गई है। मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के तहत प्रस्तावित इस परियोजना को शासन स्तर से स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही निर्माण कार्य की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था सीएनडीएस (कंस्ट्रक्शन एंड डिवीजन सर्विस) उप्र जल निगम यूनिट लखनऊ को सौंपी गई है। शासन द्वारा इस परियोजना के लिए साढ़े 8 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

बता दें कि वर्तमान में नगर पालिका गंगाघाट का कार्यालय पंप हाउस परिसर में संचालित हो रहा है। जहां सीमित स्थान व अव्यवस्थाओं के कारण कर्मचारियों व नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ द्वारा नए कार्यालय भवन के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। प्रस्ताव के क्रम में 1 अगस्त 2025 को नगर निकाय निदेशालय लखनऊ की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की तीन सदस्यीय टीम ने स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट शासन को प्रेषित की थी। निरीक्षण के बाद शासन ने योजना को स्वीकृति दी। बीते एक सप्ताह से कार्यदायी संस्था ने स्थल पर सर्वे कार्य शुरू किया था। अब सीएनडीएस द्वारा मृदा परीक्षण, ड्राइंग व विस्तृत सर्वे कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जेई घनश्याम मौर्य के अनुसार सभी औपचारिकताएं पूरी होते ही भवन निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। प्रस्तावित नया कार्यालय भवन करीब 20 हजार स्क्वायर फिट क्षेत्रफल में दोमंजिला बनेगा। भवन का निर्माण आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए होगा। ताकि नगर पालिका की कार्यप्रणाली अधिक सुचारु व पारदर्शी बन सके।



मरहला चौराहे पर यहीं बनेगा पालिका का कार्यालय।

### नए भवन में इन विभागों के होंगे कक्ष

**शुक्लागंज :** नए भवन में विद्युत, निर्माण, जलकल व टैक्स विभाग के लिए अलग-अलग कक्ष बनेंगे। इससे विभागीय कार्यों के निस्तारण में आसानी होगी व एक छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### भवन में बनेगा वेटिंग रूम

भवन में आमजन के लिए सुविधाजनक वेटिंग रूम, पेयजल, शौचालय व सूचना काउंटर की व्यवस्था होगी। इससे पालिका आने वालों को कार्य के दौरान बैठने व जानकारी प्राप्त करने में राहत मिलेगी।

# आज मतदाता पुनरीक्षण का विशेष अभियान, बूथों पर रहेंगे बीएलओ

**उन्नाव, अमृत विचार :** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में रविवार को विशेष अभियान दिवस आयोजित होगा। इस दौरान जिले के सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ उपस्थित रहकर मतदाताओं के दावे व आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार गोंड ने बताया कि 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर चल रहे पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची को पारदर्शी व त्रुटिहीन बनाना मुख्य लक्ष्य है। रविवार सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक सभी बीएलओ अपने निर्धारित बूथों पर अनिवार्य रूप से रहेंगे। नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6, नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 व संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 मौके पर उपलब्ध रहेंगे। बीएलओ द्वारा बूथ पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। उनके पास अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भी हिंदी में उपलब्ध रहेगी। जिन स्कूलों, इंटर कॉलेजों या कार्यालयों में मतदेय स्थल बनाए गए हैं। वे रविवार को भी विशेष अभियान के लिए खुले रहेंगे। जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि ईआरओ व बीएलओ सुपरवाइजर लगातार फील्ड में रहकर निरीक्षण करेंगे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी खुद 10 प्रतिशत पोलिंग स्टेशनों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखेंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय ग्राम प्रधानों, वार्ड सदस्यों व कोटेदारों का भी सहयोग लिया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अपील की है कि जिन पात्र युवाओं का नाम अभी तक सूची में नहीं है, वे कल अपने बूथ पर जाकर पंजीकरण जरूर कराएं।

# एक क्लिक से किसानों के खातों में पहुंचे करोड़ों



लाभार्थी महिला को चेक देते सदर विधायक पंकज गुप्ता व अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल हाल में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को करोड़ों की क्षतिपूर्ति बांटी गई। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता व सीडीओ कृति राज ने लाभार्थियों को चेक व प्रशस्ति पत्र दिये। लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभागार में उपस्थित अतिथियों व किसानों ने देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से बटन दबाकर प्रदेश भर के लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे धनराशि हस्तांतरित की।

● कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल में लाभार्थियों को करोड़ों की क्षतिपूर्ति बांटी गयी

### जिले में योजना का प्रभाव आंकड़ों में कुछ इस प्रकार रहा

**उन्नाव :** फसल बीमा योजना वर्ष 2024-25 के तहत जिले के 4,870 किसानों को उनके नुकसान की भरपाई के लिए 1.54 करोड़ रुपये की ऑनलाइन क्षतिपूर्ति दी गई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में दुर्घटना का शिकार हुए किसानों के परिवारों को संबल देते हुए 10 लाभार्थियों को 46 लाख रुपये की धनराशि उनके खातों में भेजी गई। स्थानीय कार्यक्रम के साथ उन्नाव के 7 फसल बीमा लाभार्थियों व 2 कृषक दुर्घटना बीमा लाभार्थियों ने लखनऊ में आयोजित मुख्य समारोह में भी शिरकत की और जिले का मान बढ़ाया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, उपनिदेशक कृषि व जिला कृषि अधिकारी शशांक आदि मौजूद रहे।

### जिला पंचायत की बैठक में 50 करोड़ का बजट पास, ग्रामीण क्षेत्रों में बिछेगा सड़कों का जाल

**उन्नाव, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 50 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस धनराशि का बड़ा हिस्सा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के कायाकल्प पर खर्च होगा। बैठक की शुरुआत में अपर मुख्य अधिकारी ओपी सिंह ने पिछली बैठक की कार्यवाही का विवरण सदन में रखा। इसके बाद 50 करोड़ का बजट पेश किया गया। जिसे सभी सदस्यों ने एकमत होकर स्वीकृति दी। बजट का मुख्य केंद्र ग्रामीण सड़कों व पुलिया का निर्माण है। गावों में जलभराव की समस्या को देखते हुए नालों के निर्माण के प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली है। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों में इंद्रमोहन सिंह, उपासना, रमेश चंद्र, शिवदेवी, सुशील चंद्र, पूजा यादव, अशोक व मनमोहन ने अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाईं। सदस्यों ने बिजली कटौती, पेयजल किल्लत व जर्जर सड़कों की ओर ध्यान आकर्षित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सदस्यों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निस्तारण करें।



बोर्ड बैठक में मौजूद अध्यक्ष व सदस्य। ● अमृत विचार

### गैंगस्टर एक्ट के दोषी को 2 साल की सजा

**उन्नाव, अमृत विचार :** गैंगस्टर एक्ट के एक दोषी को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई में दोषी ठहराते हुए 2 साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने उस पर 5000 का जुर्माना भी लगाया। धनोपार्जन के लिए गैंग बनाकर अपराध कारित करने के आरोपी माखी थानाक्षेत्र के भिनखीपुर गांव निवासी दयाराम पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। पुलिस ने 25 जून-2012 को उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तत्कालीन एसएचओ श्रीकांत द्विवेदी ने जांच कर उसके विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 1 फरवरी-2013 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में न्यायाधीश शिप्रा आर्या ने शासकीय अधिवक्ता विश्वास त्रिपाठी, हरीश अवस्थी व अलंकार द्विवेदी की दलील व साक्ष्य के आधार पर दयाराम को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई।

### मादक पदार्थ के तस्करों को मिली सजा

**उन्नाव, अमृत विचार :** पुरवा कोतवाली पुलिस ने 23-सितंबर 2023 को क्षेत्र के मंगतखेड़ा गांव से अनुज कुमार को 1.600 किलो, सदर कोतवाली पुलिस ने 18 अक्टूबर-2016 को आदर्श नगर मोहल्ला के राकेश सोनकर को 1.400 किलो व 10 अक्टूबर-2017 को 1.250 किलो, दही थाना पुलिस ने 11 दिसंबर-2021 को कहारों का अड्डा मोहल्ला निवासी शाहिद को 1.200 किलो मादक पदार्थ के साथ पकड़कर जेल भेजा था। शनिवार को मुकदमों की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने शाहिद को 22 दिन, राकेश सोनकर को 16 दिन व अनुज को 5 माह 28 दिन की सजा सुनाई है। कोर्ट ने राकेश पर 10 हजार, अनुज पर 5 हजार व शाहिद पर 2 हजार जुर्माना भी लगाया।

### आज निकलेगी खाटू श्याम मंदिर से निशान यात्रा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** श्री सांवरियां परिवार सेवा समिति द्वारा रविवार को भव्य फागुन निशान ध्वज यात्रा निकाली जायेगी। निशान यात्रा सुबह साढ़े 11 बजे मंगलम गेस्ट हाउस राधा कृष्ण मंदिर से उठकर श्रीनगर खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी पत्रकार वार्ता के दौरान श्री सांवरियां सेवा समिति अध्यक्ष संजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कानपुर के प्रसिद्ध भजन सम्राटों द्वारा भजनों की गंगा बहाते हुए भजनों की धुन में श्याम प्रेमी निशांत ध्वज लेकर पैदल राजमार्ग से होते हुए श्री नगर स्थित श्री श्याम मंदिर जाएंगे। साथ में बाबा की भव्य झांकी भी यात्रा में रहेगी। निशान यात्रा के बाद मंदिर स्थल पर ही खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें बाबा का आलौकिक श्रंगार, फूलों की होली, छप्पन भोग के साथ भंडारा भी होगा। इसमें हरिओम गुप्ता, हर्ष वर्मा, गौरव सिंह, शोभित सिंह मौजूद रहे।

### स्वच्छता जागरूकता रैली निकाल किया योगाभ्यास

**उन्नाव, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस टीम ने प्राथमिक विद्यालय केदार खेड़ा में आयोजित शिविर के तीसरे दिन सर्वप्रथम योग प्रशिक्षक भरत कुमार ने योगाभ्यास कराया। एनएसएस के युवाओं ने गांव केदार खेड़ा का भ्रमण किया और स्वच्छता, मतदाता जागरूकता के तहत जागरूकता रैली निकाली। गांव में जाएंगे सबको योग सिखाएंगे, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, मेरा वोट मेरी ताकत, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा आदि के नारे लगाते हुए गांव में रैली निकाली। युवाओं ने अंताक्षरी व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें डॉ. नीलिमा नागर, डॉ. केके यादव आदि ने प्रतिभाग किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितेश सिंह ने किया।



योग करती एनएसएस की टीम व ग्रामीण।

# रिंग रोड के निरीक्षण को पहुंचे इंजीनियर

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट क्षेत्र में प्रस्तावित रिंग रोड का निर्माण प्रगति पर है। शनिवार को कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और विभिन्न बिंदुओं पर नाप-जोख की। इंजीनियरों ने बताया कि रिंग रोड का कार्य अगले वर्ष नवंबर 2027 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

करीब 19 किमी लंबा यह रिंग रोड हाजीपुर से बदरका चौराहे तक बन रहा है। निर्माण का जिम्मा अजय प्रकाश एसोसिएट को सौंपा गया है। कंपनी द्वारा बीते 6 माह पूर्व हाजीपुर से रिंग रोड का निर्माण शुरू किया गया था। जो अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। परियोजना के तहत क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। इंजीनियरों ने बताया कि घोंघी व रौतापुर क्षेत्र में प्रस्तावित अंडरपास का निर्माण पूरा हो चुका है। जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में राहत मिलने लगी है। शनिवार को कंपनी के इंजीनियर अंडरपास के पास पहुंचकर निर्माण की गुणवत्ता, चौड़ाई व तकनीकी मानकों की जांच करते नजर आए। कंपनी के इंजीनियर गौरव कुमार तिवारी ने बताया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए मशीनों और श्रमिकों की संख्या बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि रिंग रोड के बन जाने से विकास को नई गति मिलेगी।



रिंग रोड का निरीक्षण करते कार्यदायी संस्था के इंजीनियर।

● नवंबर 2027 तक पूरा होगा गंगाघाट क्षेत्र में रिंग रोड का काम

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**सफीपुर , अमृत विचार :** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव - हरदोई मार्ग जमल्दीपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से देर शाम युवक गंभीर घायल हो गया। लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पास मिले परिचय पत्र से उसकी पहचान आंध्रप्रदेश राज्य के निवासी वेंकटेश माचा किशोर (40) के रूप में हुई। वो जल जीवन मिशन ग्रामीण के एक ठेकेदार के अधीन मेंटिनेंस का कार्य देखने वाली कंपनी में डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर था। किसी काम से वह परियोजना के प्रधान कार्यालय उन्नाव आया था। जहां से सफीपुर स्थित अपने प्रोजेक्ट कार्यालय लौटते समय हादसे का शिकार हो गया। परिजनों को कंपनी के अधिकारियों ने सूचना दी है। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

# दिवंगत किसान के परिजनों से मिलने पहुंचीं विधायक रागिनी

**उन्नाव, अमृत विचार:** सपा की मछली शहर विधानसभा से विधायक रागिनी सोनकर ने जिलाध्यक्ष राजेश यादव व अन्य पदाधिकारियों के साथ दिवंगत किसान के परिजनों से मिलकर उन्हें आर्थिक सहायता दी।

बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा गांव निवासी नन्हेलाल सोनकर (55) बीते बुधवार अपने खेत में बेटे रामरतन के साथ पानी लगाए था। दोपहर बाद बेटा घर से खाना लेकर लौटा तो पिता खेत में नहीं थे। काफी तलाश के बाद उसका शव खेत से 200 मीटर आगे नदी में पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम के दौरान हुए हंगामे के बाद पुलिस ने 4 पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ था। इस पर बिसरा सुरक्षित हुआ था। शनिवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर व जिलाध्यक्ष राजेश यादव की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार मिलने पहुंचा। विधायक रागिनी सोनकर ने दिवंगत किसान की पत्नी प्रेम सुंदरी व बेटों से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया। इस दौरान पार्टी की ओर से सपा जिलाध्यक्ष ने 50 हजार की चेक पीड़ित परिवार को दी और भरोसा दिलाया कि घटना के संबंध में उच्चाधिकारियों से बात कर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

**यूपी बोर्ड परीक्षा** | दोनों पालियो में 13643 में से 675 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

# उड़न दस्ता परीक्षा केंद्रों के लगाता रहा चक्कर, नहीं मिले नकलची

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में संपन्न हुईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल में गृह विज्ञान व इंटर के व्यवसायिक ट्रेड की परीक्षा जिले के 121 केंद्रों में हुई। जबकि द्वितीय पाली में इंटर इतिहास विषय की परीक्षा 86 केंद्रों में हुई।

प्रथम पाली में प्रदेश सरकार की विशेष कार्य अधिकारी सांत्वना तिवारी ने मौरावा व बिहार स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और मंडलीय उड़न दस्ते में विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में बीघापुर क्षेत्र के कई केंद्रों का निरीक्षण किया। मगर कोई नकलची नहीं मिला। बिहार स्थित त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज व आरबीएस इंटर कॉलेज बिहार परीक्षा केंद्र में अधिकारियों के उड़न दस्ते एक साथ पहुंच गये। डीआईओएस सुनील दत्त का दल भी वहीं पहुंच गया। सुबह पाली में हाईस्कूल गृह विज्ञान की परीक्षा होने से उन्हीं परीक्षा केंद्रों पर अधिक दल पहुंचे जहां छात्राएं अधिक संख्या में परीक्षा दे रही थीं। सुबह पाली में हाईस्कूल विज्ञान परीक्षा में 11168 छात्रों में 10569 उपस्थित व 599 अनुपस्थित रहे। इंटर फल एवं खाद्य संरक्षण में 36 में सभी उपस्थित रहे। परिधान रचना व साज सज्जा में 81 में 2 अनुपस्थित रहे। रंगीन फोटो ग्राफी में 37 में तीन अनुपस्थित रहे। बैंकिंग में 55 में दो अनुपस्थित रहे। आशु लिप टंकण में 119 पंजीकृत छात्रों में 116 उपस्थित व तीन अनुपस्थित रहे। टंकण हिंदी अंग्रेजी में 200 में 195 उपस्थित व 5 अनुपस्थित रहे और मुद्रण में 10 में सभी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 11706 छात्रों में 11092 उपस्थित व 614 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर इतिहास विषय की परीक्षा जिले के 86 परीक्षा केंद्रों में थी। इसमें 1937 पंजीकृत छात्रों में 61 अनुपस्थित व 1876 उपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में 11643 पंजीकृत छात्रों में 675 अनुपस्थित व 12968 उपस्थित रहे।



कंट्रोल रूम से केंद्रों की निगरानी करते एसडीएम उदयवीर सिंह। ● अमृत विचार

### उपजिलाधिकारी ने की तहकीकात

**उन्नाव :** कंट्रोल रूम से निगरानी कर रहे शिक्षकों ने जब एसडीएम उदयवीर सिंह को बताया कि एक केंद्र में एक छात्र को डिक्टेट किया जा रहा है। इस पर एसडीएम ने उस केंद्र व्यवस्थापक से पूछा तो उन्होंने बताया कि वह छात्र ब्लाइंड है। इसलिए लेखक दिया गया है इसीलिए उस कमरे में अन्य छात्र नहीं हैं। जिले स्तर के सचल दल डीआईओएस, बीएसए, जीआईसी प्रिंसिपल परमात्मा शरण, अदनान हाफीज, कमलेश कुमार व उपमा त्रिपाठी के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से अधिक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कोई नकलची नहीं मिला। एसडीएम ने बताया कि सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक हुई।

